# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


जल जीवन मिशन





## जल जीवन की अधूरी दास्तां, टंकी नहीं, सिर्फ उसका ढांचा... बन गया सेल्फी पाइंट

गांवों में हर घर तक साफ पानी पहुंचाने के मकसद से लाई गई भारत सरकार की हजारों करोड़ रुपए महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन पर भारी लापरवाही सामने आई है। गांव-गांव की एक ही कहानी है टंकी है पर पानी नहीं। पानी है तो टंकी नहीं। जहां पानी और टंकी दोनों है वहां पाइप लाइन नहीं बिछी है। लिहाजा इस भीषण गर्मी में पानी के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं। आइए जानते हैं कुछ और गांवों में जल जीवन मिशन की हकीकत -

### बिना टंकी चार साल से खड़ा है ढांचा

अमीन रवानी ▶▶| बेमेतरा

हरिभूमि लगातार

सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के दावे भले ही कागजों में चमकते नजर आते हों, लेकिन जमीनी हकीकत कई बार इन दावों की पोल खोल देती है। ऐसा ही मामला बेमेतरा जनपद के ग्राम पंचायत सेमरिया (सेन्दरी) में सामने आया है, जहां 51.66 लाख रुपए की लागत से बन रही जल जीवन मिशन योजना ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### ग्रामीणों में आक्रोश, पानी के लिए तरस रहे लोग

सेन्दरी गांव के ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें आज भी नियमित पेयजल सुविधा नहीं मिल पा रही है। गर्मी में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। इधर, ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### चिढ़ा रही हैं तनी खड़ी टंकियां

प्रीतपाल सिंह सलूजा ▶▶| झलप

रायपुर संभाग का महासमुंद जिला पानी की कमी के लिए जाना जाता है। यहां खेती के लिए भी सिंचाई का पर्याप्त इंतजाम नहीं है तो पीने के पानी की बात कौन करे? कायदे से इस जिले को प्राथमिकता से जल जीवन मिशन के तहत काम होना था, लेकिन यहां गांव-गांव में टेकिया खड़ी हैं, लेकिन पानी भरने के लिए ट्यूबवेल नहीं है। जिले के झलप में चार हजार से ज्यादा लोग रहते हैं, लेकिन आबादी के हिसाब से यहां पीने के पानी का समुचित इंतजाम नहीं है। यहां के श्यामनगर में कोई 3 साल पहले पानी की टंकी का निर्माण हुआ है लेकिन इसे भरने के लिए ट्यूबवेल न होने से ये मात्र शो पीस बनकर रह गया है। झलप के आश्रित ग्राम टूरीडीह की आबादी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पानी टंकी बने हो गए चार साल, ग्रामीणों की नहीं बुझी प्यास

दामोदर वैष्णव ▶▶| सड़क अतरिया

*ग्रामीण क्षेत्र में जल आपूर्ति के लिए बनी जल जीवन मिशन की महत्वाकांक्षी योजना कई गांवों के लिए मजाक बनकर रह गई है। इलाके के आधा दर्जन से अधिक गांव में टंकी निर्माण के चार साल बाद भी नलों में में पानी नहीं आया है। कहीं पाइप लाइन नहीं बिछी है तो कहीं बोर की समस्या है।*

*क्षेत्र के बगदूर, जीराटोला, मानपुर, कुकुरमुडा, पंडरिया, गुमानपुर ऐसा गांव हैं जहां निर्माण कार्य पूर्ण होने के तीन सो चार साल के बाद भी नलों में पानी नहीं आया है। एक ओर गर्मी बढते ही ग्रामीणों इलाकों में पेय एवं निस्तारी जल की समस्या लगातार सामने आ रही है। ग्राम पंचायत* ▶▶| शेष पेज 6 पर


आनंद का सच्चा भाव*

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹103903/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹126900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹138523/- |


सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand Jewels
Pandri, Raipur


## खबर संक्षेप

### तमिलनाडु-बंगाल में आज थम जाएगा चुनाव प्रचार



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में पहले चरण और तमिलनाडु चुनाव के लिए प्रचार मंगलवार को थम जाएगा। यहां 23 अप्रैल को मतदान होगा। तमिलनाडु में 234 सीटों पर कुल 4,023 उम्मीदवारों के लिए नेताओं का अंतिम चरण का प्रचार चल रहा है। डीएमके, एआईएडीएमके, नाम तमिलर और टीवीके के बीच चार-कोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है।

### तालाब में नहाने गए तीन सगे भाई-बहन डूबे

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ ज़िला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर कंधई थानाक्षेत्र में सोमवार दोपहर एक तालाब में तीन सगे भाई-बहनों की डूबने से मौत हो गई। साल्हीपुर कंजास गांव में विजय बहादुर यादव की बेटी रानी (12), बेटे मोहित (नौ) एवं रोहित (छह) घर के निकट ही तालाब में रोज़ की तरह आज दोपहर भी नहाने गए थे। बहुत देर तक़ घर वापस न आने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई।

### भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस में धुएं से हड़कंप



**भोपाल।** रेलवे स्टेशन पर सोमवार दोपहर करीब 3:30 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब भोपाल से जोधपुर जाने वाली भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस की जनरेटर कार से अचानक धुआं उठने लगा। घटना प्लेटफॉर्म नंबर-6 पर हुई, लेकिन धुएं का असर इतना ज्यादा था कि प्लेटफॉर्म नंबर-1 तक धुआं फैल गया।

### पोस्टमार्टम के लिए मांगे 5000, होगी जांच

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले में एक महिला और उसकी बेटी के शव के पोस्टमार्टम के लिए उनके परिजनों से पांच हजार रुपए वसूलने के आरोपों की जांच के आदेश दिए गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, मां-बेटी की मौत जिले के भोज्या गांव में एक तालाब में डूबने से हुई थी। सदर अस्पताल में दोनों के पोस्टमार्टम के लिए एक सफाईकर्मी द्वारा शोक संतप्त परिवार से पांच हजार रुपए वसूले जाने की शिकायत सामने आने के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं।

### आक्रोश रैली में विपक्ष पर जमकर बरसे भाजपा नेता

# साय बोले- कांग्रेस और विपक्ष महिला विरोधी विस का विशेष सत्र बुलाएंगे, लाएंगे निंदा प्रस्ताव

**प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, लोकसभा में जिस तरह से विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास होने नहीं दिया है, उससे कांग्रेस और विपक्ष का चेहरा पूरी तरह से जनता के सामने आ गया है। कांग्रेस और विपक्ष पूरी तरह से महिला विरोधी है। विपक्ष चाहता ही नहीं है कि महिलाओं को उनका हक मिले और महिलाएं आगे बढ़ें। विपक्ष के कृत्य के लिए देश की नारी शक्ति कभी इनको माफ नहीं करेगी। रैली के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, इस मामले को लेकर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाएगा, जहां निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के गिरने के बाद विपक्ष के खिलाफ राजधानी रायपुर में आक्रोश रैली निकाली। मुख्यमंत्री साय ने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोधी करके कांग्रेस पार्टी समेत पूरी विपक्षी दल ने साबित कर दिया कि वे महिला विरोधी पार्टी है। कांग्रेस एवं उनके सहयोगी दल के नेताओं को यह पसंद नहीं है कि गांधी परिवार के अलावा कोई भी महिला लोकसभा एवं विधानसभा में नेतृत्व करें। देश की महिलाओं को लोकसभा व विधानसभाओं में उनका 33 प्रतिशत नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नारी शक्ति वन्दन अधिनियम लाया गया था।

देशभर की मातृशक्ति में इस अधिनियम को लेकर काफी उत्साह था। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि हमारी माता-बहनों की खुशी कांग्रेस समेत पूरे विपक्षी दलों के महिला विरोधी राजनीतिक चरित्र के चलते साकार नहीं हो पाई। इंडी गठबंधन ने इसमें अवरोध उत्पन्न करके नारी शक्ति के साथ घोर अन्याय करने का पाप किया है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### सीएम साय ने भी की पदयात्रा

आक्रोश रैली के लिए इंडोर स्टेडियम का स्थान तय किया गया था। तीन बजे निकलने वाली रैली के लिए प्रदेश भर से भाजपा की महिलाओं और भाजपा नेता इंडोर स्टेडियम में सुबह को 11 बजे से ही पहुंचने लगे। मुख्यमंत्री साय शाम को करीब चार बजे पहुंचे। इसके बाद यहां से सीएम साय के साथ डिप्टी सीएम अरुण साव भी रैली में शामिल हुए। सीएम और डिप्टी सीएम साव इंडोर स्टेडियम से पदयात्रा करते हुए सुभाष स्टेडियम पहुंचे। पदयात्रा में भारी संख्या में महिलाओं के साथ पुरुषों की भी भागीदारी रही।





#### मातृशक्ति कांग्रेस के लिए वोट बैंकः किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, कांग्रेस आज भी मातृशक्ति को केवल वोट बैंक समझती है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिए सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पेश किया ताकि देश की महिलाएं 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ लोकसभा एवं विधानसभाओं में नेतृत्व करे और विकसित भारत 2047 की संकल्पना को पूरा करने में सहभागी बने लेकिन कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को यह नागवार गुजरा और अपने महिला विरोधी चरित्र को एक बार फिर से उजागर करते हुए इस अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस ने इस अधिनियम को पारित नहीं होने दिया।

#### विधानसभा का विशेष सत्र, विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाएगी सरकार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पर विपक्ष के रुख के खिलाफ राज्य सरकार छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाएगी, जिसमें निंदा प्रस्ताव पास होगा। बताया जा रहा है कि विशेष सत्र इसी महीने आयोजित हो सकता है। मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी संवाददाताओं से चर्चा के दौरान दी।

#### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, राजेश अग्रवाल, गुरु खुशवंत साहेब, सांसद लक्ष्मी वर्मा, कमलेश जांगड़े, पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर, विधायक धरमलाल कौशिक, राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, पुन्नू लाल मोहले, अनुज शर्मा, ईश्वर साहू, इंद्र कुमार साहू, प्रदेश मंत्री अमित साहू, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय, हस्त शिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कृतिका जैन, प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पांडेय, डॉ किरण बघेल, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थीं।*

### चीन से आ रहे थे जहाज

# अमेरिका ने ईरानी जहाज पर किया कब्जा, भड़का ईरान



एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन/तेहरान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी नेवी ने ईरान का झंडा लगे एक मालवाहक जहाज को अपनी हिरासत में लिया है। जहाज को उस समय कब्जे में लिया गया जब वह कथित तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अमेरिकी नाकाबंदी पार करने की कोशिश कर रहा था। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसकी जानकारी दी है। इस घटना से खाड़ी में तनाव भड़क गया है। ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर के उल्लंघन का आरोप लगाया है और करारा जवाब देने की बात कही है।

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, आज टूसका नाम के ईरानी झंडे वाले एक मालवाहक जहाज ने हमारी नौसैनिक घेराबंदी को पार करने की कोशिश की, और उसका नतीजा उनके लिए अच्छा नहीं रहा। ट्रंप ने आगे लिखा, अभी वह जहाज यूएस मरीन के कब्जे में है।

#### ट्रंप बोले- ईरान से खुद बात करने को तैयार

अमेरिका की ईरान के साथ दूसरे दौर की वार्ता को लेकर लगातार असमंजस बना हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की अगुवाई में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल कुछ ही घंटो में पाकिस्तान पहुंच सकता है, लेकिन असल दुविधा ये है कि अमेरिका तो बातचीत के लिए तैयार है लेकिन ईरान अभी तक इसके लिए रजामंद नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने कहा कि वेंस की अगुवाई में कुछ ही घंटों में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचेगा, अगर बातचीत होती है तो वे खुद ईरान के वरिष्ठ नेताओं से मिलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत होने वाली है इसलिए मुझे लगता है कि इस समय कोई भी खेल नहीं खेल रहा है।

#### चीन से आ रहा था जहाज

प्रवक्ता ने आगे बताया कि अमेरिकी नेवी ने जिस जहाज को रोका है, वह चीन से ईरान की ओर आ रहा था। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब दोनों पक्षों के बीच इस्लामाबाद में वार्ता का नया दौर शुरू होने की उम्मीद लगाई जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि पाकिस्तान में दोनों देशों के प्रतिनिधि सोमवार को मिलेंगे, लेकिन ईरान ने बातचीत से इंकार किया है।

### जोगी ने दो आदेशों को दी चुनौती

# अमित को अभी राहत नहीं अब 23 को होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रामावतार जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने अब दोनों मामलों की संयुक्त सुनवाई 23 अप्रैल को तय की है। अमित जोगी की ओर से दो आदेशों को चुनौती दी गई थी। पहला, जिसमें सीबीआई को अपील करने की अनुमति दी गई और दूसरा, ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### 23 को समर्पण की तिथि

22 अप्रैल को संविधान पीठ की सुनवाई है, जिसमें अमित जोगी की ओर से उपस्थित होने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं की उपस्थिति अपेक्षित है, इस कारण मामला 23 अप्रैल को सूचीबद्ध हुआ है। जो समर्पण की निर्धारित तिथि भी है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि बिना पूर्ण एवं निष्पक्ष सुनवाई के उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता प्रभावित न हो। यह भी उल्लेखनीय ▶▶| शेष पेज 6 पर

# कश्मीर में दर्दनाक हादसा, पहाड़ से गिरी यात्रियों से भरी बस, 21 की गई जान

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को एक बस के पहाड़ी मार्ग से गिरने के कारण 21 लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बस ने एक ऑटो-रिक्शा को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे तीपहिया वाहन में सवार लोग घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 10 बजे रामनगर क्षेत्र में एक तीखे मोड़ पर उस वक्त हुआ जब निजी बस का चालक नियंत्रण खो बैठा।



#### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने जताया दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में हुए बस हादसे में कई लोगों की मृत्यु की खबर सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ।

#### सेना ने चलाया बचाव अभियान

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रामनगर के थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी समेत पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर सेना के जवानों के साथ संयुक्त बचाव अभियान चलाया। बाद में हाइड्रोलिक क्रेन की मदद से वाहन को सीधा किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीजेआई ने की टिप्पणी

# हैरानी है कि पढ़े-लिखे लोग भी 'डिजिटल अरेस्ट' का हो रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि यह हैरानी की बात है कि पढ़े-लिखे लोग भी 'डिजिटल अरेस्ट' का शिकार हो रहे हैं। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची के साथ पीठ की अध्यक्षता कर रहे प्रधान न्यायाधीश ने हाल में एक बुजुर्ग महिला के मामले का उल्लेख किया जिन्हें साइबर अपराधियों ने 'डिजिटल अरेस्ट' कर उनकी सेवानिवृत्ति पर मिली पूरी राशि ठग ली। प्रधान न्यायाधीश ने ये टिप्पणियां उस समय कीं, जब अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने पीठ के समक्ष 'डिजिटल अरेस्ट' के पीड़ितों से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले का उल्लेख किया। शीर्ष न्यायिक अधिकारी ने कहा, बैठकें हो चुकी हैं। हम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।' इसके बाद उन्होंने मामले को 12 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।



#### साइबर ठगी का नया तरीका

'डिजिटल अरेस्ट' साइबर ठगी का नया तरीका है। ऐसे मामलों में ठग खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर लोगों को ऑडियो या वीडियो कॉल करके डराते हैं और उन्हें गिरफ्तारी का झांसा देकर उनके ही घर में डिजिटल तौर पर बंधक बना लेते हैं। कोर्ट को पहले बताया गया था कि इस तरह के डिजिटल अरेस्ट घोटालों के जरिए करीब 3000 करोड़ रुपए की ठगी हो चुकी है। मामले की अगली सुनवाई 12 मई को होगी।

#### सुप्रीम कोर्ट ने लिया था संज्ञान

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल ऐसे मामलों की बढ़ोतरी को देखते हुए स्वतः संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने सभी राज्यों में दर्ज ऐसे मामलों को सीबीआई के पास ट्रांसफर कर दिया था। कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद गृह मंत्रालय ने भी एक उच्च स्तरीय इंटर-डिपार्टमेंटल कमेटी बनाई है। ऐसे मामलों से निपटने के लिए तैयार की गई प्रस्तावित एसओपी भी उन्होंने पेश की।

#### इधर, सिम कार्ड से धोखाधड़ी मास्टमाइंड गिरफ्तार

सीबीआई ने साइबर अपराधों में इस्तेमाल के लिए 10,000 से अधिक सिम कार्ड अवैध रूप से प्राप्त करने वाले एक प्रमुख साजिशकर्ता को गुवाहाटी से गिरफ्तार किया है। पिछले साल अगस्त से फरार उबैद उल्लाह को रविवार तड़के गिरफ्तार किया गया। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, गिरफ्तार आरोपी ने गुवाहाटी में अवैध रूप से सिम कार्ड हासिल किया था और अगस्त 2025 से फरार था। जांच में पता चला है कि आरोपी ने अवैध रूप से जारी किए गए लगभग 10,000 सिम कार्ड प्राप्त करने के लिए कई बैंक खातों के माध्यम से पीओएस एजेंट को लगभग 67 लाख रुपए हस्तांतरित किए। प्रवक्ता ने कहा, "इन सिम कार्ड को प्राप्त करने के लिए इस्तेमाल किए गए कूरियर लेनदेन से संबंधित सबूत भी मिले हैं।

बिलासपुर

मंगलवार 21 अप्रैल 2026

बैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 26, अंक : 30
पृष्ठ : 10+8+8 =26, मूल्य : 5.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 42.8
न्यून. 30.0

# छत्तीसगढ़ में नया कानून, रोटी- कपड़ा और मकान के आधार पर तय होगी न्यूनतम मजदूरी

हरिभूमि न्यूज रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में अब पुराने श्रम कानूनों को दरकिनार करते हुए नई मजदूर संहिता लागू होगी। खास बात ये है कि इस नियम के मुताबिक अब न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण वैज्ञानिक आधार पर होगा। यही नहीं, रोटी, कपड़ा, मकान, बच्चों की शिक्षा और इलाज के खर्च के आधार पर मजदूरी तय की जाएगी। एक और अहम बात ये कि अब पूरे देश के लिए तय न्यूनतम मजदूरी से कम राशि कहीं नहीं दी जा सकेगी। न्यूनतम वेतन सभी कर्मचारियों पर समान रूप से लागू होगा, चाहे उनकी आयु या लिंग कुछ भी हो।

## पुराने श्रम कानून होंगे समाप्त, अब लागू होंने नए कानून

### चार श्रेणियों में बटेंगे श्रमिक

श्रमिकों को उनके कौशल और अनुभव के आधार पर चार मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया है। अकुशल- वे कार्य जिनमें केवल परिचालन अनुभव की आवश्यकता होती है । अर्द्धकुशल - वे कार्य जो कौशल और पर्यवेक्षण के साथ किए जाते हैं । कुशल -तकनीकी प्रशिक्षण और विवेकपूर्ण निर्णय वाले कार्य । अत्यधिक कुशल यानि वे कार्य जिनमें विशिष्ट स्तर की निपुणता और गहन तकनीकी अनुभव अनिवार्य है ।



सभी कर्मियों को एक समान न्यूनतम मजदूरी

### न्यूनतम वेतन निर्धारण के नए मानक

*परिवार आधारित उपभोग इकाई, न्यूनतम मजदूरी की गणना एक 'मानक श्रमिक वर्ग परिवार' को आधार मानकर की जाएगी । इस परिवार में कामगार के अलावा उसका पति या पत्नी और दो बच्चे शामिल होंगे । इसे कुल तीन वयस्क उपभोग इकाइयों के बराबर माना गया है । आहार और पोषण संबंधी मानक- श्रमिक के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए, प्रति दिन प्रति उपभोग इकाई के लिए शुद्ध 2700 कैलोरी की खपत का मानक रखा गया है । वस्त्र और आवास- प्रति मानक श्रमिक परिवार के लिए प्रति वर्ष 66 मीटर कपड़ा निर्धारित किया गया है । आवास- भोजन और वस्त्र पर होने वाले कुल व्यय का 10 प्रतिशत आवासीय किराए के रूप में वेतन गणना में जोड़ा जाएगा।*

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के श्रमिक हितों को ध्यान में रखते हुए मजदूरी संहिता (छत्तीसगढ़) नियम, 2026 का प्रारूप तैयार कर लिया है । इसके साथ ही राज्य में वर्षों से चले आ रहे पुराने न्यूनतम वेतन और वेतन भुगतान नियमों को बदलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है । नया नियम लागू होते ही राज्य में दो प्रमुख पुराने नियम समाप्त हो जाएंगे। इनमें न्यूनतम वेतन (छत्तीसगढ़) नियम, 1958, छत्तीसगढ़ वेतन भुगतान नियम, 1962 शामिल हैं।

इधर

### ये अनिवार्य व्यय भी शामिल होंगे मजदूरी में

ईंधन, बिजली और अन्य छोटी-मोटी मदों के लिए न्यूनतम मजदूरी का 20 प्रतिशत हिस्सा रखा गया है । बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा आवश्यकताएं, मनोरंजन और अन्य आकस्मिक खर्चों के लिए न्यूनतम मजदूरी का 25 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सा शामिल किया जाएगा । न्यूनतम मजदूरी तय करते समय राज्य शासन इन कारकों को भी ध्यान में रखेगी जैसे भौगोलिक क्षेत्र,कार्यस्थल की भौगोलिक स्थिति के आधार पर वेतन में भिन्नता हो सकती है। इन नियमों की समीक्षा और कौशल वर्गीकरण में सुधार के लिए सरकार एक तकनीकी समिति का भी गठन करेगी, जिसमें श्रम आयुक्त और विभिन्न विशेषज्ञ शामिल होंगे। इन नियमों के संबंध में 45 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की गईं है।

## खबर संक्षेप

### सिविल सेवकों को संबोधित करेंगे उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन मंगलवार को 'सिविल सेवा दिवस' के अवसर पर देश के नौकरशाहों को संबोधित करेंगे।



भारत में हर साल सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1947 में इसी दिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए सिविल सेवकों को भारत का मजबूत स्तंभ बताया था।

### हाइटेंशन तार के संपर्क में आया ट्रक, दो की मौत

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में एक मिनी ट्रक के 'हाइटेंशन' तार के संपर्क में आने से उसमें करंट फैल गया। इसकी चपेट में आने से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में विक्की जाटव (18) और आलोक नाई (24) की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई जबकि वाहन में सवार आठ अन्य मजदूर बिजली का झटका लगते ही वाहन से नीचे कूद गए।

### जर्मनी की यात्रा करेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को जर्मनी की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक



रूपरेखा को अंतिम रूप देना है। इस रोडमैप के तहत दोनों देशों के बीच विभिन्न सैन्य उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए एक ढांचा तैयार किया जाएगा। बर्लिन में सिंह अपने जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्टोरियस और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ व्यापक वार्ता करेंगे।

### शादी के पांच दिन पहले युवती का अपहरण

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में पुलिस ने एक दलित महिला को उसकी शादी से पांच दिन पहले कथित तौर पर अगवा करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। युवती के पिता की शिकायत पर पुलिस ने सुरियांवा थाना क्षेत्र के फत्तूपुर गांव निवासी तेजू बिन्द, उसके पिता शेषधर और मां मेवाती बिन्द, शिवम बिन्द, साहब लाल और रामनाथ बिंद समेत छह लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत रविवार शाम मामला दर्ज किया। युवती का अपहरण 15 अप्रैल को किया गया जब परिवार के लोग घर से बाहर गए थे।

### जैकलीन की याचिका पर जवाब देने मांगा समय

**नई दिल्ली।** ईडी ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए सोमवार को समय मांगा,



जिसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने मामले की अगली सुनवाई आठ मई के लिए निर्धारित की।

## मौसम विभाग ने आगामी चार-पांच दिन तक लू चलने का जताया अनुमान

# गर्मी का कहर, पारा 44 पार, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईएमडी ने सोमवार को कहा कि अगले चार से पांच दिन तक देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के आसपास के कुछ इलाकों में लू चलने का प्रबल अनुमान है। आईएमडी ने बताया कि हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब, पूर्वी राजस्थान, विदर्भ, छत्तीसगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिमी बंगाल में गंगा के मैदानी भाग, झारखंड, ओडिशा और पूर्वी उत्तर प्रदेश के छिटपुट इलाकों में 20 से 25 अप्रैल के बीच अलग-अलग तारीखों पर लू चलने का अनुमान है। आईएमडी ने कहा, 20 से 26 अप्रैल के दौरान पश्चिमी बंगाल में गंगा के कुछ मैदानी इलाकों; यनम तथा 24 और 25 अप्रैल को गुजरात के तटीय क्षेत्रों में गर्म और उमस भरा मौसम रहने की प्रबल संभावना है। 20 और 21 अप्रैल को हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मप्र, विदर्भ, 20 अप्रैल को छत्तीसगढ़ और 20 से 22 अप्रैल के बीच ओडिशा में कुछ इलाकों में रात का तापमान बढ़ने का अनुमान है।

**खास खबर**

> *अप्रैल से ही गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में हालात और भी चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में अगले 4 से 5 दिनों के दौरान तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में ऊष्ण लहर (हीट वेव) का असर देखने को मिल सकता है।*

### पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, वर्तमान में जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जबकि दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में निचले स्तर पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके अलावा, उत्तर भारत के ऊपर 110 नॉट की गति से सब-ट्रॉपिकल वेस्टरली जेट स्ट्रीम भी सक्रिय है, जो मौसम के रुख को प्रभावित कर रही है। हालांकि, प्रदेश में फिलहाल मौसम शुष्क बना हुआ है और निकट भविष्य में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं जताई गई है।

### स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दी सलाह

विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को अभी तेज गर्मी और लू के लिए तैयार रहना होगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी है। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को इस मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

## दिन में गर्म हवाओं के साथ ओडिशा-छत्तीसगढ़ में रात में भी बढ़ेगा पारा!



### मौसम विभाग कब करता है हीटवेव की घोषणा?

मौसम विभाग किसी दिन को 'हीटवेव' वाला दिन तब मानता है, जब उस दिन का अधिकतम तापमान कम-से-कम 40अंश सेंटीग्रेड हो और सामान्य तापमान से 4.5 अंश सेंटीग्रेड या उससे ज्यादा हो। अगर अधिकतम तापमान 45अंश सेंटीग्रेड तक पहुंच जाता है तो भी हीटवेव घोषित कर दी जाती है।



### केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश का मौसम

आंध्र प्रदेश में 20 से 23 अप्रैल, तेलंगाना और कर्नाटक में 20-22 अप्रैल के दौरान बिजली चमकने की संभावना है। 20-23 अप्रैल के बीच केरल और माहे में, 22 और 23 अप्रैल को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में गरज-चमक, बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

### कुछ राज्यों में बारिश-ओलावृष्टि का अनुमान

आईएमडी ने बताया कि देश के दक्षिण, मध्य, पूर्वी और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों के विभिन्न राज्यों में मध्यम से तीव्र गरज के साथ बारिश हो सकती है। आईएमडी के अनुसार, सोमवार को मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में ओलावृष्टि का अनुमान है।

### 8 लाख के इनामी माओवादी ने किया सरेंडर

## मुख्यधारा में एके-47 के साथ लौटा दारसु



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नक्सली खात्मे की डेडलाइन समाप्त होने के 20 वें दिन मिलिट्री कंपनी नंबर 05 का पार्टी सदस्य 08 लाख का इनामी पीपीसीएम दारसू शोरी ने एके 47 के साथ मुख्यधारा में लौट गया है। कांकेर जिले में आज भी 13 नक्सली बचे हुए है, उसमें सबसे बड़ा नाम चंदर एवं मंगलू पद्दा है।

कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीपीसीएम रैंक का माओवादी दारसु शोरी जिस पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित था, ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण के दौरान उसने एक एके-47 राइफल भी जमा कराई, जो उसकी सक्रियता और संगठन में उसकी भूमिका को दर्शाती है। पुलिस के अनुसार पीपीसीएम दारसु शोरी लंबे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय था और कई गतिविधियों में शामिल रहा है। हालांकि, हाल के दिनों में शासन की पुनर्वास नीति और सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव के चलते उसने हिंसा का रास्ता छोड़ने का निर्णय लिया। आत्मसमर्पण के बाद अब उसे शासन की पुनर्वास ⏭ शेष पेज 6 पर

### कांकेर जिले में बचे हुए अब 13 नक्सली

परतापुर एरिया कमेटी के बचे 09 नक्सली में चंदर कतलाम निवासी आदेरबेड़ा पूर्वी बस्तर क्षेत्र, कुमारी माली निवासी ग्राम मुंदेर थाना नेलसनार जिला बीजापुर, मंगलू पद्दा निवासी उकड़ थाना सोनपुर जिला नारायणपुर, मंगेश परचापी उर्फ सोमलू निवासी माड़ क्षेत्र, मनीषा कोर्राम निवासी ⏭ शेष पेज 6 पर

### कलेक्टर एसएसपी सहित टीम मौके पर पहुंची

## जशपुर में चार्टर प्लेन क्रैश होने की खबर अफवाह निकली



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सोमवार की दोपहर जिले के नारायणपुर क्षेत्र में प्लेन क्रैश की खबर से हड़कंप मच गया। बाद में यह खबर अफवाह निकली। करीब से उड़ते प्लेन को देखने के बाद पहाड़ के धुएं को लोगों ने क्रैश समझ लिया था। जिला प्रशासन को सूचना मिलते ही कलेक्टर रोहित व्यास और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह पहुंचे। प्रशासन ने बताया कि लोगों से जानकारी ली जा रही है, लेकिन किसी ग्रामीणों ने विस्फोट होने की आवाज नहीं सुनी गई है।

■ ड्रोन कैमरा से की जा रही है निगरानी

### आवाज नहीं सुनाई दी

इन दिनों गर्मी में जंगल में जगह जगह आग लगी हुई है। महुए के पत्तों की आग दूर-दूर से दिखाई देती है। इस हवाई जहाज को पास से उड़ते देखकर लोगों ने समझ लिया कि पहाड़ी के पास प्लेन क्रैश हो गया है। हालांकि इसकी किसी तरह की कोई आवाज लोगों ने नहीं सुनी। वह क्षेत्र शहर से काफी दूर है, फिर भी जानकारी मिलते ही प्रशासन ने लोगों को भेजा। बाद में कलेक्टर और एसएसपी टीम के साथ स्वयं भी पहुंचे, लेकिन कोई साक्ष्य नहीं मिले। कुछ लोग यह भी बताते रहे कि यह एक एयर एंबुलेंस थी, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई। प्रशासन इसके लिए ड्रोन से निगरानी कर रहा है।

### हवा में साढ़े तीन घंटे रहा विमान, रोने लगे यात्री



**बेंगलुरु।** तेलंगाना के हैदराबाद से कर्नाटक के हुबली जा रही क्षेत्रीय विमानन कंपनी फ्लाई91 की एक उड़ान को खराब मौसम के कारण बेंगलुरु की ओर मोड़ दिया गया। रविवार को विमान के साढ़े तीन घंटे तक हवा में रहने से यात्री घबरा गए और कुछ यात्री रोने लगे तथा अपनी सुरक्षा के लिए प्रार्थना करने लगे। सूत्रों ने बताया कि अपराह्न करीब तीन बजे हैदराबाद से रवाना हुई यह उड़ान शाम करीब साढ़े चार बजे हुबली पहुंचने वाली थी लेकिन प्रतिकूल मौसम के कारण वहां नहीं उतर सकी। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने कहा, हैदराबाद से हुबली जा रही उड़ान को खराब मौसम के कारण बेंगलुरु की ओर मोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार मार्ग परिवर्तित करना मानक सुरक्षा प्रक्रिया है।

*पीएम आज करने वाले थे उद्घाटन*

## रिफाइनरी में लगी भीषण आग टल गया पीएम मोदी का दौरा

एजेंसी ⏭ बालोतरा

राजस्थान की पचपदरा स्थित रिफाइनरी प्लांट में सोमवार को भीषण आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया। वहीं आग की घटना के बाद पीएम नरेंद्र मोदी का मंगलवार को होने वाला दौरा स्थगित हो गया। जानकारी के अनुसार दोपहर दो बजे रिफाइनरी के सीडीयू-वीडीयू साइड पर एक्सचेंजर फटने से आग लग गई। विस्फोट के बाद आग तेजी से फैल गई, जिससे मौके पर मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। घटना ऐसे समय हुई जब एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही थी।



### नहीं हुआ नुकसान का आकलन

यह करोड़ों की यूनिट है, लेकिन अभी आधिकारिक रूप से कोई जानकारी सामने नहीं आई है कि कितना नुकसान हुआ है। इसके दुबारा तैयार करने करीब एक साल का समय लग सकता है। इसलिए इसके लोकार्पण की अभी कोई तिथि तय नहीं है।

### राहत एवं बचाव कार्य

आग की सूचना मिलते ही प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं। बड़ी संख्या में दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गईं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर पहले से तैनात दमकल वाहन भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए, जिससे राहत कार्य तेजी से शुरू हो सका।

### हाईकोर्ट ने कहा- निर्णय दबाव में नहीं लिए जाते

## केजरीवाल को तगड़ा झटका जस्टिस शर्मा ही करेंगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आबकारी नीति मामले में हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की रिक्यूजल याचिका पर अपना फैसला सुनाया। केजरीवाल दिल्ली हाईकोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। इस दौरान केजरीवाल ने अपना जवाबी हलफनामा रिकॉर्ड पर लेने की मांग की। सुनवाई को दौरान केजरीवाल ने कहा, मैडम अगर मेरा जवाब रिकॉर्ड पर नहीं लिया गया तो यह न्याय के प्रति लापरवाही होगी।



### कैच-22 रणनीति पर अदालत सख्त

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि आवेदक ने अपने लिए 'विन-विन' या कैच-22 की स्थिति बना ली है। यदि अदालत खुद को अलग करती है तो उसके दावे सही ठहरेंगे, और यदि नहीं करती है तो वह फिर भी फैसले पर सवाल उठा सकता है। अदालत ने कहा कि ऐसी रणनीतियों की अनुमति नहीं दी जा सकती।

*हरिभूमि की खबर के बाद आरटीई के तहत गरीब बच्चों के एडमिशन में हो रही देरी को कोर्ट ने संज्ञान लिया*

## हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा- एडमिशन प्रक्रिया में अगस्त बीत जाएगा तो गरीब बच्चे पढ़ाई कब करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

शिक्षा के अधिकार के तहत गरीब बच्चों के एडमिशन में हो रही देरी को हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया था। इस पर शासन की ओर से कहा गया कि पहले चरण की लाटरी निकाल ली गई हैं। इसमें 15 हजार छात्रों को सीटे अलाट हुईं हैं। इन्हें एक मई से 30 मई तक एडमिशन लेना होगा। इसके बाद दूसरे चरण की प्रक्रिया पूरी होगी। हाईकोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा है कि ऐसे में तो अगस्त तक सिर्फ एडमिशन होगा तो बच्चे पढ़ाई कब करेंगे। कोर्ट ने शिक्षा विभाग से 7 मई से पहले पूरी प्रक्रिया और एडमिशन जल्द हो इसकी कार्ययोजना मांगी है।

इस मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए शिक्षा सचिव से जानकारी मांगी थी। दरअसल प्रदेश में नया शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो गया, लेकिन आरटीई के तहत पहली कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया धीमी है। 38,438 आवेदनों में से अब तक केवल 23,766 (62%) की ही जांच पूरी हुई है, जबकि 14 हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं। कई जिलों में 10% से भी कम जांच हो पाई है। डीपीआई ने पंजीयन और नोडल वेरीफिकेशन के लिए 16 फरवरी से 31 मार्च तक समय तय किया था, लेकिन डेडलाइन के बाद भी प्रक्रिया अधूरी है।

### कोर्ट ने शिक्षा विभाग से 7 मई से पहले पूरी प्रक्रिया और एडमिशन जल्द हो इसकी कार्ययोजना मांगी


शिक्षा सत्र शुरू भी हो गया, गरीब बच्चों का एडमिशन तो छोड़िए, 16 हजार आवेदनों की जांच तक नहीं हो सकी

### पूरी एडमिशन प्रक्रिया में अगस्त बीत

ध्यान रहे कि एडमिशन प्रक्रिया पर नजर डालें तो आरटीई के तहत छात्र पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च रखी गई थी। काउसंलिंग प्रक्रिया में 13 से 17 अप्रैल तक लॉटरी एवं आवंटन किया गया। इसके बाद छात्रों को 1 से 30 मई तक प्रवेश लेने होंगे। द्वितीय चरण की प्रक्रिया 8 जून से शुरू हो जाएगी। जिसमें नए स्कूलों का रजिस्ट्रेशन होगा। उसके बाद 1 से 11 जुलाई तक छात्र पंजीयन होंगे। फिर 27 से 31 जुलाई तक लॉटरी एवं आवंटन होगा। जिसके बाद छात्रों को स्कूल में दाखिला 3 से 17 अगस्त तक लेना होगी।

### बिलासपुर, रायपुर में सीटों के लिए होड़

गौरतलब है कि राज्य के 6861 स्कूलों में कुल 21,698 सीटों के मुकाबले 38,438 आवेदन प्राप्त हुए हैं। यानी औसतन हर सीट पर करीब 1.77 आवेदन आए हैं, लेकिन यह औसत तस्वीर वास्तविक असंतुलन को छुपा देती है, क्योंकि कई जिलों में सीटों से कई गुना ज्यादा आवेदन हैं, जबकि कुछ जिलों में सीटें खाली रहने की नौबत है। राज्य के 33 जिलों में से 11 जिले ऐसे हैं जहां सीटों से कम आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी जिलों के डेटा को देखा जाए तो रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में सीट के लिए होड़ है तो बस्तर क्षेत्र में सीटें खाली रहने की संभावना है।

## चिंतन

# स्पष्ट नीति और नीयत से हो वार्ता

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता तनाव केवल दो देशों के बीच टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इस संकट की जड़ में केवल भू-राजनीतिक हित नहीं, बल्कि जिद, शक्ति प्रदर्शन और असंतुलित कूटनीति भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक रणनीति और हर हाल में 'जीत' हासिल करने की मानसिकता ने इस संकट को और जटिल बना दिया है। ट्रंप को अपनी वह जिद छोड़नी होगी कि जीत गए हैं या जीत जाते। तभी खाड़ी का संकट दूर हो सकेगा। देखा जाए तो ट्रंप की जिद ही संकट बढ़ा रही है। इससे जहां मानवीय मदद मिलने में देरी हो रही है वहीं, जान माल की भी भारी क्षति हो रही है। ट्रंप खुद को अक्सर 'पीस मेकर' के रूप में प्रस्तुत करते हैं, लेकिन मौजूदा हालात में उनकी भूमिका कई बार इसके विपरीत नजर आती है। कई बार तो ट्रंप अशांति फैलाने वाले अधिक दिखाई देते हैं। ऐसे में उन्हें अपनी छवि बदलनी होगी। दबाव बनाकर समझौता कराने की नीति कूटनीति नहीं, बल्कि एकतरफा वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश लगती है। यह तरीका उन देशों पर शायद काम कर सकता है जो रणनीतिक रूप से कमजोर हों, लेकिन ईरान जैसे देश के सामने यह रणनीति बार-बार विफल होती दिख रही है। ईरान ने जिस तरह से अमेरिकी ठिकानों और उसके सहयोगियों पर जवाबी कार्रवाई की है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह दबाव में झुकने वाला नहीं है। इससे साफ है कि ईरान के पास भी कुव्वत है कि वह खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। यह केवल सैन्य प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि एक संदेश है कि वह अपनी संप्रभुता और सम्मान के साथ ही किसी भी समझौते की मेज पर आएगा। अब जरूरी है कि अमेरिका बड़प्पन दिखाए और वार्ता करे। तभी इस समस्या का समाधान हो सकेगा। ट्रंप प्रशासन की यह सोच कि दबाव और प्रतिबंधों के जरिए ईरान को झुकाया जा सकता है, अब तक कारगर साबित नहीं हुई है। इसके उलट, इसने ईरान को और अधिक आक्रामक बना दिया है। यह समझना जरूरी है कि आधुनिक कूटनीति में केवल शक्ति प्रदर्शन से समाधान नहीं निकलते। सम्मान, संवाद और संतुलन ही स्थायी शांति का आधार होते हैं। एक महाशक्ति होने के नाते अमेरिका की जिम्मेदारी केवल अपने हितों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्थिरता बनाए रखने की भी है। ऐसे में ट्रंप को यह समझना होगा कि 'जीत' और 'समझौता' दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। जहां जीत में एक पक्ष का वर्चस्व होता है, वहीं समझौता बराबरी और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होता है। यह भी स्पष्ट हो चुका है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन की उम्मीद, जिस पर अमेरिकी रणनीति आधारित थी, पूरी नहीं हुई। अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने न केवल अपनी स्थिति बनाए रखी, बल्कि यह भी दिखाया कि वह बाहरी दबावों के सामने झुकने को तैयार नहीं है। यह स्थिति अमेरिका के लिए एक स्पष्ट संकेत है कि अब रणनीति में बदलाव की आवश्यकता है। बिना शर्त संवाद, पारस्परिक सम्मान और वास्तविक मुद्दों को समझने की इच्छा ये तीनों तत्व किसी भी सफल कूटनीति के आधार होते हैं। अंततः, खाड़ी का यह संकट भी उसी मोड़ पर खड़ा है। यदि समय रहते अमेरिका और ईरान बराबरी और सम्मान के साथ वार्ता की मेज पर नहीं आते, तो इसके परिणाम केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। स्पष्ट नीति, साफ नीयत और संतुलित कूटनीति यही वह रास्ता है, जो इस संकट को टाल सकता है। वरना 'सोचेंगे' जैसे शब्द इतिहास के सबसे कमजोर बहाने बनकर रह जाएंगे।

## कूटनीति

महेन्द्र तिवारी



# होर्मुज में भारतीय जहाजों पर फायरिंग के मायने?

होर्मुज जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति इसे वैश्विक राजनीति के केंद्र में खड़ा करती है और 18 अप्रैल की घटना ने इस तथ्य को एक बार फिर निर्विवाद रूप से प्रमाणित कर दिया है। उस दिन की सुबह जब भारत के ध्वज वाले दो व्यापारिक पोतों पर ईरानी गनबोट्स द्वारा गोलाबारी की गई, तो यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, बल्कि एक विशाल अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संकट का संकेत था। इस घटना के पीछे के सत्य को समझने के लिए हमें उस समय की जटिल भू-राजनीतिक परिस्थितियों और समुद्री व्यापार के महत्त्व को गहराई से देखना होगा। होर्मुज जलडमरूमध्य एक ऐसा संकरा समुद्री मार्ग है जहां से विश्व की लगभग 20 प्रतिशत तेल और प्राकृतिक ईंधन की आपूर्ति होती है। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए, जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए 90 प्रतिशत तक आयात पर निर्भर है, इस मार्ग की सुरक्षा सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है। 18 अप्रैल को जब भारतीय तेलवाहक पोत लगभग 20 लाख बैरल कच्चा तेल लेकर इस मार्ग से गुजर रहे थे, तब अचानक हुई फायरिंग ने वैश्विक बाजारों में हलचल मचा दी। यद्यपि इस हमले में किसी भी नाविक की जान नहीं गई और न ही पोत को कोई स्थायी क्षति पहुंची, परंतु इसके रणनीतिक परिणाम अत्यंत गंभीर थे। जहाजों के चालक दल ने जैसे ही आपातकालीन संकेत भेजे, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पोतों का मार्ग बदलना पड़ा और उन्हें सुरक्षित जलक्षेत्र की ओर वापस लौटना पड़ा। इस घटना का समय अत्यंत संवेदनशील था क्योंकि अप्रैल 2026 में ही अमेरिका ने ईरान के विरुद्ध कड़ा समुद्री प्रतिबंध और नाकाबंदी लागू की थी। इस वैश्विक दबाव के प्रत्युत्तर में ईरान ने घोषणा की थी कि यदि उसके आर्थिक हितों को अवरुद्ध किया गया, तो वह इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को किसी के लिए भी सुरक्षित नहीं रहने देगा। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय पोतों को लक्ष्य बनाना एक प्रकार का रणनीतिक संदेश था जो न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक चेतावनी के समान था। इस घटना की जड़ें मार्च 2026 से चली आ रही अस्थिरता में भी निहित हैं। उस महीने के दौरान भी कई अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर मानवरहित विमानों और प्रक्षेपास्त्रों से हमले हुए थे, जिसमें दुर्भाग्यवश कुछ भारतीय नाविकों को अपने प्राण गंवाने पड़े थे। उन घटनाओं के बाद से ही समुद्री बीमा कंपनियों ने इस क्षेत्र को उच्च जोखिम वाला क्षेत्र घोषित कर दिया था, जिससे माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई थी। 18 अप्रैल की फायरिंग ने इस असुरक्षा को और अधिक गहरा कर दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर अत्यंत तीव्र और स्पष्ट प्रतिक्रिया दी। नई दिल्ली में ईरान के राजदूत को तुरंत तलब किया गया और उन्हें भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया गया। भारत के विदेश सचिव ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में बिना किसी संकोच के यह स्पष्ट किया कि भारतीय नाविकों और व्यापारिक हितों की सुरक्षा पर कोई भी समझौता संभव नहीं है। भारत का यह कड़ा रुख इस बात का प्रमाण था कि अब वह वैश्विक स्तर पर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सैन्य और कूटनीतिक दोनों मोर्चों पर सक्रिय है। इस संकट के दौरान भारतीय नौसेना ने अपनी तत्परता का प्रदर्शन करते हुए ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा को और अधिक विस्तारित किया। कुछ गोपनीय विवरणों से यह भी संकेत मिले कि ईरान के भीतर प्रशासनिक और सैन्य नेतृत्व के मध्य इस विषय पर मतभेद थे कि इस जलमार्ग का उपयोग किस सीमा तक एक हथियार के रूप में किया जाना चाहिए। एक पक्ष जहां इसे कूटनीतिक सौदेबाजी का साधन मानता था, वहीं दूसरा पक्ष इसे पूर्णतः अवरुद्ध करने के पक्ष में था। इन आंतरिक विरोधाभासों ने स्थिति को और अधिक अनिश्चित बना दिया था। इस अनिश्चितता का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा। अप्रैल 2026 के उन दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में अभूतपूर्व उछाल देखा गया, जिससे विश्व भर के शेयर बाजारों में अस्थिरता व्याप्त हो गई। भारत के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती थीः एक ओर ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और दूसरी ओर ईरान के साथ अपने पारंपरिक मित्रवत संबंधों को बचाए रखना। भारत ने अपनी कूटनीति का परिचय देते हुए संतुलन बनाए रखा। इसके परिणामस्वरूप ईरान ने भी बाद में नरम रुख अपनाते हुए भारत के साथ संबंधों की महत्ता को स्वीकार किया और वार्ता के माध्यम से समाधान निकालने पर सहमति व्यक्त की। यह संपूर्ण घटनाक्रम इस सत्य को उजागर करता है कि भविष्य में समुद्री मार्ग ही शक्ति प्रदर्शन के मुख्य केंद्र होंगे। अब युद्ध केवल भूमि तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि आर्थिक नाकाबंदी और व्यापारिक मार्गों पर नियंत्रण आधुनिक युद्धनीति के प्रमुख अंग बन चुके हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुरक्षा उपायों के अनदेखी का नतीजा है औद्योगिक दुर्घटनाएं



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

बीते 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित में वेदांता समूह के पावर प्लांट के बॉयलर में हुए विस्फोट के कारण अब तक 24 मजदूरों की मौत हो गई है वहीं लगभग दो दर्जन से ज्यादा श्रमिक जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। हादसे की गंभीरता के मद्देनजर मृतकों के संख्या में इजाफा होने का अंदेशा है। सरकार द्वारा हादसे की जांच की घोषणा के बाद वेदांता समूह के प्रबंधव सहित 10 लोगों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। महत्वपूर्ण तथ्य यह कि राज्य में औद्योगिक हादसों के इतिहास पर गौर करें तो सबसे भीषण दुर्घटनाएं वेदांता समूह के ईकाईयों में ही घटी है। साल 2009 में कोरबा के वेदांता-स्टरलाइट पॉवर प्लांट चिमनी गिरने से 40 मजदूरों की मौत हो गई थी। छत्तीसगढ़ के औद्योगिक इकाइयों में बॉयलर फटने या अन्य हादसों में मजदूरों के मरने या गंभीर रूप से घायल होने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा जारी सूचना अनुसार बीते पांच सालों में देश भर में 6,500 श्रमिकों ने औद्योगिक दुर्घटनाओं में जान गंवाया है जो औसतन प्रतिदिन 3 मौतों का संकेत देता है।

भारत में अतीत में अनेक बड़े औद्योगिक दुघर्टनाएं हुई है जिसमें 1984 में भोपाल के यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में गैस रिसाव के चलते 3,700 लोग मारे गए तथा हजारों घायल हुए। मृतकों में बुजुर्ग, युवा, महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल थे। इस गैस त्रासदी का अभिशाप आज भी बहुत लोग भोग रहे हैं। इसी तरह 1975 में चासनाला कोयला खदान दुर्घटना में 700 लोगों की मौत हुई। साल 209 में कोरबा निर्माणाधीन चिमनी ढहने से 45 श्रमिकों की मौत हुई। देश में सबसे ज्यादा औद्योगिक दुर्घटनाओं वाले पांच राज्यों की सूची में छत्तीसगढ़ भी शुमार है। इसके अलावा दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान है जहां औद्योगिक हादसों के मामले ज्यादा दर्ज किए गए हैं।

इधर छत्तीसगढ़ विधानसभा में सरकार की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक 2023 से 2026 यानि बीते 3 वर्षों के दौरान उद्योगों में हादसों की वजह से 296 मौतें हुई हैं वहीं 248 से ज्यादा श्रमिक घायल हुए। आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य के उद्योगों में दुर्घटनाओं की वजह से औसतन हर चार दिन में एक श्रमिक की मौत हुई है जो चिंताजनक है। अमूमन हर हादसे के बाद जहां शासन-प्रशासन द्वारा दुर्घटना की जांच के लिए न्यायिक जांच समिति गठित कर दी जाती है वहीं दूसरी ओर उद्योग प्रबंधन में मृतकों और घायलों को चंद पैसे मुआवजा देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री मान लेती है। हर हादसे के बाद मजदूर संगठन अपना आक्रोश प्रदर्शित करने के लिए औद्योगिक इकाइयों के सामने धरना-प्रदर्शन कर अपनी औपचारिकता पूरी कर लेती है तो दूसरी ओर राजनीतिक दल भी मीडिया में सरकार का लानत-मलामत कर अपना सियासी धर्म निभा लेता है। लेकिन इस बीच सिर्फ बच जाता है तो हादसे में मारे गए मजदूरों के परिवारों की सिसकियां और अपंग मजदूर के लिए जीवन भर की लाचारी।



धान का कटोरा छत्तीसगढ़ की एक प्रमुख पहचान औद्योगिक राज्य की भी है जिसके चलते राज्य में बड़े, मझोले और छोटे उद्योगों की अच्छी खासी तादाद मौजूद है। सरप्लस बिजली, प्रचुर खनिज संसाधन, सुगम कनेक्टिविटी, सस्ती मजदूरी और शांतिपूर्ण कानून - व्यवस्था के चलते राज्य में कोयला आधारित लौह और बिजली संयंत्रों तथा सीमेंट प्लांट का जाल बिछा हुआ है। देश के सभी शीर्ष औद्योगिक घरानों के उद्योग यहां स्थापित हैं। आंकड़े के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 7, 324 कारखाने स्थापित हैं जिसमें से 948 'खतरनाक' और 32 'अत्यंत खतरनाक ' श्रेणी के हैं। विचारणीय है कि छत्तीसगढ़ जहां औद्योगिक विकास की दौड़ में देश के शीर्ष राज्यों को लगातार पीछे छोड़ रहा है वहीं औद्योगिक हादसों के मामले में राज्य की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इन औद्योगिक हादसों की प्रमुख वजह औद्योगिक सुरक्षा मानकों की अनदेखी एवं तकनीकी खामियां, उद्योग प्रचालन नियमों का उल्लंघन, श्रमिकों के पास व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) एवं प्रशिक्षण का अभाव है। औद्योगिक दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों के मद्देनजर औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा श्रम विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। देश और प्रदेश के अधिकांश औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिक दो तरीकों से नियोजित होते हैं और यह सब श्रम कानूनों से बचने के लिए किया जाता है। देश के सार्वजनिक क्षेत्रों के प्रतिष्ठान से लेकर निजी उद्योगों में तकनीकी और प्रशासनिक अधिकारी प्रबंधन द्वारा नियुक्त होते हैं वहीं बड़ी संख्या में ठेकेदारों के अंतर्गत ' कांट्रेक्ट लेबर' अनुबंधित होते हैं। भले ही श्रम कानूनों में ठेका मजदूरों के वेतन, बीमा, चिकित्सा और सुरक्षा के प्रावधान मौजूद हैं लेकिन सबसे ज्यादा हक इन्हीं श्रमिकों का मारा जाता है।

छत्तीसगढ़ में नब्बे के दशक तक प्रसिद्ध मजदूर नेता शंकर गुहा नियोगी के अगुवाई वाले छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा 'छमुमो' की अच्छी- खासी धमक थी। यह संगठन मजदूरों के हितों के लिए काफी संघर्षशील था इसके अलावा इसने मजदूरों के बीच सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में नशामुक्ति, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बेहतर काम किया था। अपने प्रभाव वाले इलाके में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा एक राजनीतिक ताकत के तौर पर उभर रहा था तथा मोर्चा का अनेक लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र में खासा प्रभाव भी था। मजदूर आंदोलनों और ट्रेड यूनियनों के लिए वह इतिहास का काला दिन था जब छत्तीसगढ़ के शीर्ष श्रमिक नेता शंकर गुहा नियोगी की 28 सितंबर 1991 को गोली मारकर हत्या कर दी गई। कॉमरेड नियोगी की हत्या के साथ ही छत्तीसगढ़ में मजदूर आंदोलन की आवाज मद्धम पड़ गई।

बहरहाल इसमें दोराय नहीं कि देश और प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए उद्योग एक अनिवार्य आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य में उद्योगों के विस्तार से रोजगार और व्यापार के काफी अवसर बढ़े हैं जिससे आर्थिक विकास को गति मिल रही है। चिंताजनक यह भी कि औद्योगिक विकास की इस दौड़ में श्रमिकों की सुरक्षा कहीं न कहीं पीछे छूट रही है जिस पर विचार आवश्यक है। अहम सवाल यह कि औद्योगिक दुर्घटनाओं के बाद प्रशासन और एजेंसियों द्वारा किए जाने वाले जांच के नतीजों और सुझावों के प्रति आखिरकार सरकार कितना संजीदा है? दरअसल उद्योगों में हादसों में मजदूरों के मौत के बाद जिस मुस्तैदी से पुलिस और प्रशासनिक अमला सक्रिय होता है लेकिन बाद में वह कार्रवाई के नाम पर उद्योग प्रबंधन से मुआवजा या नौकरी के लिए समझौता कराकर मामले को ठंडा करा देता है फलस्वरूप प्रतिष्ठान के उद्योगपति और अधिकारी कार्रवाई से बच जाते हैं। औद्योगिक सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो समय रहते यदि श्रमिकों की सुरक्षा और श्रम कानूनों के पालन की दिशा में सख्त कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य में ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ती जाएगी जिससे औद्योगिक मजदूरों में असंतोष बढ़ेगा। मजदूर आंदोलनों के इतिहास पर गौर करें तो ऐसे आंदोलनों ने आर्थिक विकास पर काफी गहरा असर डाला है फलस्वरूप वहां बेरोजगारी और गरीबी बढ़ी है। छत्तीसगढ़ सहित अन्य हिस्सों में मजदूर आंदोलनों के चलते अनेक उद्योगों में जहां तालाबंदी हो गई अथवा इसे अन्य राज्यों में विस्थापित होना पड़ा है। लिहाजा आज जरूरत उद्योग धंधों के विकास के साथ ही प्रतिष्ठानों में श्रमिक सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने की है।

औद्योगिक दुर्घटनाओं के प्रभावी रोकथाम के लिए श्रमिकों को मशीन संचालन और सुरक्षा नियमों का व्यापक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। अधिकतर औद्योगिक दुर्घटनाओं के लिए कारखानों के मशीनरी का नियमित रखरखाव, सुधार और जांच प्रक्रिया में कोताही नजर आयी है लिहाजा प्रबंधन को इस दिशा में संवेदनशील और गंभीर होने की दरकार है। इसके अलावा कारखानों में आपातकालीन स्थिति में श्रमिकों के त्वरित उपचार हेतु चौबीस घंटे एंबुलेंस युक्त सुसज्जित चिकित्सा केंद्र और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। कारखानों में सुरक्षा नियमों के सख्ती से अनुपालन के लिए औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा अमले को फैक्ट्रियों के नियमित निरीक्षण और श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच को प्राथमिकता में लाना होगा। औद्योगिक प्रतिष्ठानों में स्वच्छ पेयजल और अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता से श्रमिक सुरक्षा संभव हो सकेगा। इसके अलावा उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान और प्रदूषण निवारण यंत्रों के समुचित संचालन के प्रति सजग होना चाहिए।उद्योग प्रबंधन को श्रमिकों को गुणवत्तायुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण 'पीपीई' जैसे मास्क, दस्ताने, एप्रन, हेलमेट आदि की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के लिए मैकेनिज्म लागू करना होगा। उपरोक्त उपायों से जहां मजदूरों और औद्योगिक प्रबंधन के बीच विश्वास बढ़ेगा वहीं देश भी खुशहाल बनेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण मोह



संकलित

दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लंबे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा- क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा- तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहां हूं और मैं एक नाई हूं। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लंबे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## अंतर्मन

**मोदीजी ने बंगाल चुनाव के दौरान खाई झालमूड़ी वीडियो वायरल हुआ**




## आज की पाती

### गलत खानपान से बढ़ता मोटापा


हमारे देश के लोगों में मोटापा बढ़ता जा रहा है। इससे जानलेवा बीमारियों के बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है। आज हमने अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और हमारे देश की सरकारें, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन बहुत से अभियान चलाते हैं। योग गुरु भी इसके लिए काम करते हैं, लेकिन हम उनकी बातों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं और फिर गलत खानपान और जीवनशैली अपना कर अपना स्वास्थ्य खराब कर लेते हैं। कुछ लोगों ने अपने खानपान और जीवनशैली की आदत को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य को खराब करने का काम किया है।

*– पवन सिन्हा, बेमेतरा*

## करंट अफेयर

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव के लिए चार उम्मीदवारों में मुकाबला

संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने के लिए चार उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है और वे अपनी दावेदारी पेश करने के लिए इस सप्ताह संगठन के 193 सदस्यों के राजदूतों के प्रश्नों के उत्तर देंगे। यह संख्या 10 वर्ष पहले जब एंतोनियो गुतारेस का संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के रूप में चयन हुआ था, तब की तुलना में काफी कम है। चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बेचेलेट मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के राजदूतों के समक्ष तीन घंटे के प्रश्नोत्तर सत्र में सबसे पहले शामिल होंगी। इस पद के उम्मीदवारों में बेचेलेट समेत दो महिलाएं और लातिन अमेरिका के तीन उम्मीदवार शामिल हैं। बेचेलेट के बाद अर्जेंटीना के संयुक्त राष्ट्र परमाणु प्रमुख राफेल मारियानो ग्रोसी का नंबर आएगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार प्रमुख रेबेका ग्रिंसपैन बुधवार को महासभा कक्ष में प्रश्नों का उत्तर देंगी और अंत में सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल पेश होंगे। इस पद के लिए 2016 में 13 उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की थी और मुकाबला काफी कड़ा था। ऐसे में सवाल है कि उम्मीदवारों की संख्या कम होने का क्या कारण है। इसका एक कारण यह है कि 2026 की दुनिया गहरे ध्रुवीकरण और संघर्षों से घिरी हुई है और मौजूदा परिस्थितियां 2016 के अपेक्षाकृत अधिक शांत वैश्विक माहौल से काफी अलग हैं।



## ऑफ बीट

# साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

## ट्रेंड

### कृषि समृद्धि की आधारशिला



कृषि हमारी समृद्धि की आधारशिला है और हमारे किसान भाई-बहन देश के अन्नदाता। इनका परिश्रम और समर्पण ही राष्ट्र की प्रगति को सुनिश्चित करता है।
कृषिर्धन्या कृषिर्मेध्या जन्तूनां जीवनं कृषिः।
अन्नदः सर्वदश्चैव तस्माच्छ्रेष्ठतरो हि सः॥
**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाएं



अगर सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती तो वह ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाए और सबसे पूछे कि इसे कैसे लागू करें? लेकिन मोदी सरकार ने पार्लियामेंट का सेशन बुलाया ताकि दिखा सके कि उसे महिला आरक्षण की परवाह है। सच तो यह है कि मोदी के खाने व दिखाने के अलग-अलग दांत हैं।
**-मल्लिकार्जुन खरगे,** कांग्रेस अध्यक्ष

### बंगाल विकास की राह पर चले



पिछले 15 वर्षों में बंगाल ने केवल 'खेल' देखा है, लेकिन अब समय आ गया है कि राज्य विकास की राह पर चले। राज्य की बदहाल कानून व्यवस्था और बढ़ते भ्रष्टाचार ने आमजन को परेशान किया है। बंगाल की जनता अब बदलाव के लिए मन बना चुकी है और ममता को बदलकर ही रहेगी।
**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

### रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन



अरे ये पश्चिम बंगाल रबींद्रनाथ टैगोर की जमीन है। बाबर की जमीन नहीं है। लेकिन ममता दीदी के कारण कोई भी आकर बोल सकता है कि बाबर की मस्जिद बनाऊंगा। असम में ये बोलकर देखो। तुरंत थाने जाना पड़ेगा। **-हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# चांदी 4,300 रुपए चढ़ी और सोना 800 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों और स्टॉकिस्ट की तरफ से ताजा खरीदारी आने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को चांदी 4,300 रुपये चढ़कर 2.57 लाख रुपये प्रति किलो हो गई जबकि सोना 800 रुपये की तेजी के साथ 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, चांदी 4,300 रुपये उछलकर 2,57,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई, जो शुक्रवार को 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 800 रुपये बढ़कर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, वैश्विक बाजार में रुख नरम रहा। हाजिर चांदी 1.35 प्रतिशत गिरकर 79.71 डॉलर प्रति औंस रह गई, जबकि सोना 0.52 प्रतिशत गिरकर 4,805.09 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताह की शुरुआत में सोना कमजोर रुख के साथ खुला, जो सप्ताहांत में भू-राजनीतिक और व्यापक आर्थिक परिस्थितियों में बदलाव को दर्शाता है।'' उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास स्थिति तेजी से बिगड़ी है।




# बीपीटीपी लक्जरी परियोजना पर करेगी 1100 करोड़ निवेश

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी बीपीटीपी लिमिटेड अपनी विस्तार योजना के तहत फरीदाबाद में एक लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए करीब 1,100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसने ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर-80 में 'स्काईनेस्ट' नाम से नई आवासीय परियोजना शुरू की है। इस परियोजना में 325 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी और इससे करीब 1,800 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है। परियोजना के एक अपार्टमेंट की शुरुआती कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये रखी गई है।


## संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, व्यावसायिक परिसर द्वितीय तल, सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**
**ई-मेल: E-mail: sanskriti.rajbhasha@gmail.com, दूरभाष:0771-2995629**

**"मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना" हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित**

राज्य की कला एवं संस्कृति परंपरा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ अंचल के विविध लोक कलाओं नृत्य संगीत, लोकगाथा, छत्तीसगढ़ी गीतकार, वाद्ययंत्र वादक, शिल्प कलाकार, छत्तीसगढ़ पाक कला, छत्तीसगढ़ सौन्दर्यकला के कार्यशील कलाकारों के संरक्षण, संवर्धन एवं कला दलों के सतत विकास, कलाकारों को यथोचित प्रोत्साहन/सम्मान/आर्थिक सहायता की प्रक्रिया को मानक एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से "मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना" स्थापित किया गया है, जिसके लिए प्रविष्टियाँ निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित है।

1. **प्रोत्साहन के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां पंजीकृत डाक के माध्यक से आमंत्रित की जाती है।**
2. **प्रोत्साहन का प्रकार :-**

| क्र | प्रोत्साहन का प्रकार |
|---|---|
| 1 | नृत्य-संगीत, लोक नाट्य, लोकगाथा, छत्तीसगढ़ी गीतकार |
| 2 | वाद्ययंत्र वादक |
| 3 | शिल्प कलाकार |
| 4 | छत्तीसगढ़ पाक कला (छत्तीसगढ़ी व्यंजन) |
| 5 | छत्तीसगढ़ सौन्दर्यकला (श्रृंगार) |

3. **वांछित जानकारी निम्नलिखित प्रारूप में उपलब्ध किया जाना अनिवार्य है :-**

| क्र. | वांछित जानकारी का विवरण |
|---|---|
| A | कलाकार का नाम |
| B | विधा का नाम |
| C | वर्तमान पता, जिला एवं दूरभाष क्रमांक |
| D | संस्कृति विभाग अंतर्गत चिन्हारी पोर्टल का पंजीयन क्रमांक |
| E | विथा में कार्य अनुभव का वर्ष |
| F | प्राप्त पुरस्कार/सम्मान एवं उपलब्धियों का बिन्दुवार/वर्षवार जानकारी प्रमाण पत्र/पेपर कतरन/प्रशंसा पत्र/फोटो/वीडियो आदि (अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य सम्मान/प्रदेश स्तरीय/जिला स्तरीय/ग्राम स्तरीय) |

4. **आवेदन हेतु दिशा निर्देश :-**
आवेदन वांछित जानकारियों के क्रमानुसार प्रारूप में होना अनिवार्य है।
चिन्हारी पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य है एवं विधावार, निर्धारण वार्षिक प्रोत्साहन न्यूनतम राशि 12,000/- से अधिकतम राशि 24,000/- मात्र ई-पेमेंट के माध्यम से देय होगा।
लाभान्वित होने वाले कलाकार जिसकी सभी स्रोतों से वार्षिक आय राशि रूपये 96,000/- से अधिक न हो। (आय प्रमाण पत्र संलग्न करें)
चयनित कलाकारों दलों को वित्तीय वर्ष में 1 बार प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी तथा आगामी 02 वर्षों के लिए अपात्र होंगे।
बैंक खाता धारक का नाम, खाता क्रमांक एवं आई.एफ.सी. कोड एवं पैन कार्ड की छायाप्रति।
प्रोत्साहन योजना से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट WWW.cgculture.in पर भी देखी जा सकती है।
प्रविष्टियां/प्रस्ताव प्राप्त होने की अंतिम तिथि 15.05.2026 है तथा प्रविष्टियों के लिए लिफाफे में विषय "मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना 2026" स्पष्ट अंकित किया जावे।
समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं प्रस्तुत की गई प्रविष्टियों के संबंध में कोई भी पत्राचार मान्य मान्य नहीं होगा।

संचालक
संस्कृति एवं राजभाषा
जी. 262700266/2


# ईरान-अमेरिका तनाव से फिर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल




**न्यूयॉर्क।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी गतिरोध के कारण टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने से रोके जाने के बाद रविवार को शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह फारस की खाड़ी का वह महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत अहम माना जाता है। 'शिकागो मर्केंटाइल एक्सचेंज' में कारोबार शुरू होने के बाद अमेरिकी कच्चे तेल की कीमत 6.4 प्रतिशत बढ़कर 87.88 डॉलर प्रति बैरल हो गई। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.5 प्रतिशत बढ़कर 96.25 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। बाजार की यह प्रतिक्रिया पिछले दो दिनों से इस जलमार्ग को लेकर बनती-बिगड़ती उम्मीदों के बीच आई। ईरान ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह अपने तट के पास से वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग पूरी तरह खोल देगा, जिसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में नौ प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। ईरान इस मार्ग पर प्रभावी नियंत्रण रखता है।

**अमेरिकी सेना की नाकेबंदी जारी रहेगी-** हालांकि, शनिवार को तेहरान ने अपना फैसला वापस ले लिया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी जारी रहेगी। अमेरिका-इजराइल का ईरान के खिलाफ युद्ध अब आठवें सप्ताह में है। इस युद्ध ने दशकों में सबसे भीषण वैश्विक ऊर्जा संकटों में से एक को जन्म दिया है।


## Directorate of Employment and Training, Chhattisgarh
Indravati Bhawan, Block-4, 1st Floor, Naya Raipur, Chhattisgarh

**Expression of Interest (EOI)**
**On boarding of Anchor Industry Partners under PM-SETU Scheme**
**Date Extension Notice**

The Directorate of Employment and Training, Chhattisgarh invites **Expression of Interest (EOI)** from reputed **Industries/Industry Associations** for on boarding as Anchor Industry Partners for the **up gradation of selected ITI Clusters (Hub & Spoke Model) under the PM-SETU Scheme.**
Interested organizations may refer to the detailed EOI document available on the **e-Procurement Portal** - https://eproc.cgstate.gov.in

**Issue of EoI document:- 10.03.2026**
**Revised Date for Submission: 30.04.2026 at 5.00PM**
**All other terms and conditions of the EOI remain unchanged.**

Director
Employment and Training
Chhattisgarh
G.- 262700245/2



## कार्यालय आयुक्त बिलासपुर संभाग बिलासपुर (छ.ग.)
Email ID dcdbsp2@gmail.com

## ईश्तहार

वेदांता पावर लिमिटेड, सिंघीतराई, तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.) में दिनांक 14.04.2026 को प्लांट की बॉयलर यूनिट-1 में बॉयलर के स्टीम पाईप के वाटर सप्लाई पाईप के ज्वाइंट में तकनीकी खराबी होने से दुर्घटना में 34 श्रमिक प्रभावित हुए, जिसमें से श्रमिकों की मृत्यु के संबंध में जांच हेतु आयुक्त, बिलासपुर संभाग को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त जांच के संबंध में कार्यालय कमिश्नर बिलासपुर के सभागार में दिनांक 29.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक घटना के संबंध में कोई भी साक्ष्य या दस्तावेज आमजन या कोई संबंधित व्यक्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो उक्त निर्धारित स्थल, तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

आयुक्त
बिलासपुर संभाग बिलासपुर (छ.ग.)
जी. 262700281/2



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)
**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**
**(पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन)**

फा.क्र./333/निर्माण (पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन)/2026/
कोरबा, दिनांक 16.04.2026

**निविदा आमंत्रण की सूचना**

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफे के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि- 30.04.2026 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 30.04.2026 सायंकाल 4:30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 29 अंतर्गत मुड़ापार मिडिल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। (समग्र शिक्षा कोरबा) (द्वितीय निविदा) | 7,57,742/- | 5,683/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।
।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

जोन कमिश्नर
(पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन)
नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)



## Public Works Department Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(1st Call)**

No. 01/Raipur/2026-27 Raipur, Dated. 17.04.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work परिवहन आयुक्त कार्यालय भवन के निर्माण हेतु वास्तुविद् आमंत्रण हेतु निविदा के संबंध में।
Situated at Raipur
Probable cost of project Rs. 585.00 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below :-

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-03 Raipur |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 01 to 10 Crore | Empanelled as architect in Class "D" & Above Class in C.G. PWD. | Rs.3.000-00 |

**General condition:** All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 08.05.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.
The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending Engineer
Public Works Department
Raipur Circle No-1 Raipur
G-262700269/2


# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद

**मुंबई।** बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक की मामूली बढ़त के साथ 78,520.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 78,942.45 के ऊपरी और 78,203.30 के निचले स्तर तक भी गया। वहीं, निफ्टी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,364.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो) के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एचसीएल टेक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.76 प्रतिशत बढ़कर 94.68 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर विवाद गहराने से वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ी है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / sc.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनाँक 08.05.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05 | 189107 | जिला कांकेर के कुरिष्टीकुर नदियापारा पहुँच मार्ग लंबाई 1.416 कि.मी. निर्माण कार्य। | 171.88 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, से निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल एवं विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की व देखी जा सकती है।
नोट:- ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य
(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल न: एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 08.05.2026 है ।
नोट:- प्रथम आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर
जी. 262700240/2


# बुनियादी उद्योगों का उत्पादन मार्च माह में 0.4 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** कोयला, कच्चा तेल, उर्वरक और बिजली के उत्पादन में गिरावट से मार्च में बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई। पांच महीने में पहला मौका है जब इसमें गिरावट आई है। इस साल फरवरी में, आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में, बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत रही, जबकि 2024-25 में यह 4.5 प्रतिशत थी। इस वर्ष मार्च में रिफाइनरी उत्पादों, इस्पात और सीमेंट के उत्पादन में वृद्धि धीमी होकर क्रमशः 0.1 प्रतिशत, 2.2 प्रतिशत और चार प्रतिशत रही। हालांकि, आलोच्य महीने में प्राकृतिक गैस उत्पादन में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़ों के बारे में इक्रा लि. की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि आठ में से चार क्षेत्रों में उत्पादन में गिरावट के बीच, मार्च में बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में पांच महीनों में पहली बार गिरावट आई है।


## कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

प्र.क्रमांक-202410042100116/अ-82/2023-24, **अधिसूचना** रायगढ़, दिनांक-/04/2026

चूँकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची (1) में वर्णित भूमि की औद्योगिक प्रयोजन हेतु आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जावेगा) की धारा-19 के तहत यह घोषित किया जाता है, कि इसका उक्त भूमि का उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है :-

अनुसूची

1. भूमि का वर्णन :-
1. जिला-रायगढ़, 2. तहसील-रायगढ़, 3. ग्राम-कोसमपाली, 4. भूमि का क्षेत्रफल-1.235 हे.

| खसरा नं. | रकबा हे. में | खसरा नं. | रकबा हे. में | खसरा नं. | रकबा हे. में | खसरा नं. | रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 151/7क/1 | 0.890 | 178/1 | 0.069 | 178/2/क | 0.012 | 151/2 | 0.162 |
| 80/3/ख/2 | 0.081 | 286/5 | 0.021 | कुल खसरा संख्या- 06 कुल रकबा 1.235 हे | | | |

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नही है।
पुनर्वास योजना का अवलोकन प्रशासक /अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(मयंक चतुर्वेदी)
कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं
भू-अर्जन अधिकारी रायगढ़ (छ.ग.)
जी. 262700255/1



## कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/वि.स.क्षे. रायपुर पश्चिम/49/26-27/494 रायपुर, दिनांक 17/04/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट (द्वितीय) निविदा आमंत्रण सूचना**
**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in**

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ₹प्रपत्र अ₹ प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि-05.05.2026, फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि-13.05.2026

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | निविदा राशि (लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला रायपुर राधा कृष्ण मंदिर परिसर महादेव घाट रायपुरा में सामुदायिक भवन निर्माण। | 12.48 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01. 2015 एवं विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर। |
| 2 | जिला रायपुर श्री बाला जी कल्याण मंदिर परिसर गुढ़ियारी रायपुर में सामुदायिक भवन निर्माण। | 14.05 | |
| 3 | जिला रायपुर ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड रायपुर साहू समाज भवन के समीप सामुदायिक भवन निर्माण। | 13.46 | |
| 4 | जिला रायपुर अग्रोहा सोसायटी माधवराव सप्रे वार्ड रायपुर शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण। | 10.52 | |
| 5 | जिला रायपुर वीर शिवाजी वार्ड खमतराई रायपुर में सामुदायिक भवन निर्माण। | 11.09 | |
| 6 | जिला रायपुर वीर सावरकर वार्ड जरवाय रायपुर में सामुदायिक भवन निर्माण। | 19.52 | |
| 7 | जिला रायपुर वीर सावरकर वार्ड अटारी में पार्षद कार्यालय के समीप सामुदायिक भवन निर्माण। | 19.52 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते है।

संवाद-47558
प्रबंध संचालक


# निफा ग्रुप 20 राज्यों में करेगी कारोबार विस्तार



**कोलकाता।** कोलकाता की कंपनी निफा ग्रुप ने अपने कृषि उपकरण कारोबार के विस्तार के लिए 'वनहॉर्न' नाम से नया ब्रांड शुरू किया है। कंपनी का लक्ष्य भारत के 20 राज्यों के साथ-साथ अमेरिका और यूरोप सहित 10 देशों में अपना कारोबार बढ़ाना है। कंपनी के चेयरमैन महेश चंद्र शाह ने कहा कि भारत का कृषि क्षेत्र एक ऐसे मोड़ पर है जहां मशीनों का उपयोग और उद्यमिता दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह नया ब्रांड सहयोगियों को मजबूत और लाभकारी व्यवसाय बनाने में मदद करेगा। निफा ग्रुप ने वर्ष 1988 में कलपुर्जों की आपूर्ति से शुरुआत की थी और धीरे-धीरे कलपुर्जों से मशीन निर्माण तक पहुंची।


## कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**--:: निविदा सूचना ::--**

जांजगीर, दिनांक 17/04/26

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह निविदा सूचना प्रकाशित की जाती है कि छत्तीसगढ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, जिला-जांजगीर चांपा के अंतर्गत निम्नानुसार देशी/विदेशी /कम्पोजिट मदिरा दुकानों के संचालन के लिये आपत्तिरहित स्थल पर भवन / परिसर किराए पर लिए जाने हेतु निर्धारित शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफों में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र | मदिरा दुकान का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|
| 1 | देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान बुड़गहन | ग्राम पंचायत बुड़गहन क्षेत्रांतर्गत |
| 2 | देशी मदिरा दुकान तरौद | ग्राम पंचायत तरौद क्षेत्रांतर्गत |
| 3 | विदेशी मदिरा दुकान तरौद | |
| 4 | देशी मदिरा दुकान पामगढ़ | नगर पंचायत पामगढ़ क्षेत्रांतर्गत |
| 5 | विदेशी मदिरा दुकान पामगढ़ | |

निविदा फार्म दिनांक 04.05.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे एवं तकनीकी निविदा उसी दिवस दिनांक 04.05.2026 को सायं 04:00 बजे खोली जावेगी। निविदा फार्म कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, जिला जांजगीर-चांपा से दिनांक 30.04.2026 को सायं 05:30 बजे तक ₹जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. जिला जांजगीर-चांपा₹ के नाम से जांजगीर में देय रूपये 1180/- (शब्दों में-एक हजार एक सौ अस्सी रूपये मात्र) (आवेदन शुल्क 1000/- एवं 18% जी.एस.टी. 180/-) का डी.डी. शुल्क (जो वापसी योग्य नहीं होगा) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा शर्ते एवं निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, सह उपमहाप्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला-जांजगीर चांपा से कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समयावधि मे (अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्राप्त किया जा सकता है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

प्र.सहायक आयुक्त आबकारी
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
जी. 262700248/2



## Public Works Department
**Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**
**E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in**

NIT No.049/TC/EinC/PWD/2026-27 Dated 16.04.2026

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites percentage rate bids on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district of Bijapur for construction & maintenance of Road with estimated cost amounting Rs 763.39 Lacs including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid. document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 17.04.2026 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 27.04.2026

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid online to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002 as per provisions of bid document through Speed/ Registered post,** failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)
G.- 262700247/5



## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, जशपुर वनमण्डल, जशपुर

**नीलाम सूचना'**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि जशपुर वनमण्डल के अन्तर्गत काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर) में उपलब्ध निम्नांकित ईमारती एवं जलाऊ काष्ठ का दर्शित तिथि एवं समय में ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन किया जावेगा। इच्छुक पंजीकृत व्यापारियों को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें ।ई-आक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार गम्हरिया से प्राप्त की जा सकती है।

डिपो का नाम-काष्ठागार गम्हरिया (जशपुर), नीलाम दिनांक-28.04.2026, नीलामी प्रारंभ-प्रात: 09:00 बजे से

| प्रजाति | नीलाम में प्रस्तावित अनुमानित मात्रा | | | | | | मिश्रित जलाऊ चट्टा, |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नया लाट | | पुराना लाट | | योग | | |
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली+ डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली+ डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली+ डेंगरी नग | |
| सागौन | 0.000 | 0 | 155.347 | 2733 | 155.347 | 2733 | पुराना |
| साल | 545.320 | 84 | 2249.458 | 6760 | 2794.778 | 6844 | 116 |
| बीजा, शीशम, खम्हार | 0.000 | 0 | 40.377 | 766 | 40.377 | 766 | नया |
| अन्य प्रजाति | 0.000 | 0 | 69.516 | 1091 | 69.516 | 1091 | 300 |
| चिरान काष्ठ | 0.000 | 0 | 3.566 | 0 | 3.566 | 0 | |
| योग | 545.320 | 84 | 2518.264 | 11350 | 3063.584 | 11434 | 416 |

उपरोक्त मात्रा में परिवर्तन संभावित है।
टीप :-
01. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।
02. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लाट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं।
04. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
जशपुर वनमण्डल जशपुर
जी. 262700279/3

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बिना टंकी चार...

के तहत पानी टंकी के नाम पर केवल कंक्रीट का ढांचा खड़ा है। ग्रामीण अब इस अधूरे ढांचे को 'सेल्फी पॉइंट' कहकर अपनी नाराजगी जता रहे हैं।

**तकनीकी बदलाव का हवाला, पर सवाल कायम-**

इस पूरे मामले में जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग से जानकारी ली गई, तो अधिकारियों ने इसे अधूरा निर्माण मानने से इनकार किया। विभाग का कहना है कि योजना में तकनीकी बदलाव किया गया है। अब यहां पारंपरिक सीसी टंकी के स्थान पर 'जिंक-एल्युमिनियम एलॉय' से बनी रेडीमेड टंकी स्थापित की जानी है, जिसे पहले से तैयार स्लैब के ऊपर फिट किया जाएगा।

**9 महीने की समयसीमा, सालों से अधूरा काम-**

इस योजना का कार्यादेश 2021-22 में जारी किया गया था, जिसमें स्पष्ट रूप से 9 माह के भीतर कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन स्वीकृति के कई वर्ष बीत जाने के बावजूद योजना अधूरी है।

### चिढ़ा रही हैं...

500 है वहां पर 2 बार बोर कराया गया लेकिन पानी नहीं मिला लेकिन टंकी खड़ी है। पास के गांव सिंघनपुर में कॉलम खड़ा किया गया है, टंकी का निर्माण अभी अधूरा है।आश्रित ग्राम खम्हारमुडा में कालम के लिए गड्ढे खोदे गए हैं, इससे आगे काम नहीं बढ़ा है। छिलपावन की आबादी 1800 है और करीब 500 घरों को नल कनेक्शन दिया गया है, लेकिन इन घरों तक पानी पहुंचाने के लिए पानी नहीं है। ग्राम मुनगासेर के 400 घरों में नल कनेक्शन दिया गया है, लेकिन पानी टंकी को भरने के लिए ट्यूबवेल ही नहीं है। ऐसे ही कुरूभाटा, गोगल, तुरेंगा, जोरा आदि गांव में पानी टंकी का निर्माण हुआ है, लेकिन ट्यूबवेल नहीं होने के चलते न टंकिया भरती है और न लोगों को पानी मिलता है।

### पानी टंकी बने...

खैरबना के आश्रित ग्राम गुमानपुर में चार साल पहले योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण होने से ग्रामीणों के चेहरे में चमक थी कि अब गांव में हमेशा के लिऐ पेय जल की समस्या दूर हो जाएगी। नलों में पीने के लिऐ स्वच्छ पेयजल आएगा। परन्तु यहां के ग्रामीणों की आस आज तक पूरी नहीं हो सकी। इस समस्या से विभाग को कई दफा अवगत कराया जा चुका है। परन्तु योजना जल्द शुरू होने की बात कहकर टाल दिया जाता है। इसी प्रकार बगदूर में भी पानी टंकी बने तीन साल से अधिक का समय हो चुका है। पर आज तक टंकी का उपयोग शुरू नहीं किया गया है। जीरा टोला मानपुर में भी लाखों की लागत से बनी पानी टंकी गांव की शोभा बढ़ा रहा है। यहां गांव के आधी आबादी को ही डायरेक्ट बोर से पानी सप्लाई देकर काम चलाया जा रहा है। शेष आबादी की प्यास नहीं बुझ पा रही है।

### साय बोले- कांग्रेस...

**कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को किया अपमानित : लता उसेंडी -**

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया है। केन्द्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण से जुड़े नारी शक्ति वंदन अधिनियम सहित तीन विधेयक लोकसभा में लाए गए थे। अधिनियम को लेकर देशभर की महिलाओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा था। उन्हें तथा समाज के सभी वर्गों को विश्वास था कि यह विधेयक पारित हो जाएगा।

**कांग्रेस नहीं चाहती मातृशक्ति देश का नेतृत्व करें : अरुण साव-**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, कांग्रेस ने महिला आरक्षण का विरोध करके देश की महिलाओं का अपमान किया है और देश की महिलाएँ अपने इस अपमान को सदैव याद रखकर कांग्रेस को सबक सिखाएंगीं। जब-जब महिलाओं के हित और अधिकारों की बात आई, कांग्रेस ने सदैव महिलाओं को प्रताड़ित करने का काम ही किया।

**महिलाओं को कांग्रेस ने हमेशा छला है : लक्ष्मी रजवाड़े-**

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह नजर आया। महिलाएं अपने हितों को लेकर जागरूक हो चुकी है लेकिन एक ओर कांग्रेस है जो हमेशा महिलाओं को छलने का काम करती है। उन्हें कभी आगे बढ़ने का मौका कांग्रेस ने नहीं दिया। देश की महिलाएं कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। कार्यक्रम का संचालन महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने किया एवं आभार प्रदर्शन महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने किया।

**विपक्ष ने महिलाओं का छिना हक : सरोज पांडेय-**

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पांडेय ने कहा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने न केवल इसे पारित होने से रोका बल्कि देश की आधी आबादी महिलाओं के अधिकारों का विरोध कर उनका हक छीना। उन्होंने कहा, कांग्रेस व विपक्षी दल के महिला विरोधी रवैये से देश की मातृशक्ति रुष्ट है। भाजपा सरकार ने सदैव हर स्तर पर नारी के संवैधानिक अधिकारों व सम्मान की रक्षा की है। महिलाओं को उनका हक और अधिकार दिलान के लिए भाजपा संकल्पित है।

### अमित को अभी...

हाईकोर्ट का वह फैसला, जिसमें उन्हें हत्या का दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई। अब दोनों मामलों की एक साथ सुनवाई होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अमित जोगी से जुड़े दोनों मामले, जिसमें सीबीआई की अपील की अनुमति तथा 2 अप्रैल को उच्च न्यायालय के दोषसिद्धि निर्णय के विरुद्ध अपील 23 अप्रैल को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ एवं संदीप मेहता की पीठ के समक्ष एक साथ सुने जाएंगे। अमित जोगी के समर्पण से छूट, स्थगन तथा दण्डादेश के निलंबन संबंधी आवेदन सोमवार को न्यायमूर्ति मनमोहन की एकल पीठ के समक्ष सुने गए। उन्होंने निर्देश दिया कि ये समस्त आवेदन 23 अप्रैल को अन्य मामलों के साथ एक साथ सुने जाएं।

### 23 को समर्पण...

है कि कैविएटर द्वारा इन कार्यवाहियों में हस्तक्षेप करते हुए सुनवाई स्थगित कराने का आग्रह किया गया। न्यायालय ने 23 अप्रैल को सुनवाई निर्धारित की।

### मुख्यधारा में एके-47...

नीति के तहत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सबसे अहम बात यह है कि दारसु शोरी से मिली जानकारी के आधार पर अब पुलिस अन्य सक्रिय माओवादी कैडरों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि इससे आने वाले समय में और भी माओवादी आत्मसमर्पण कर सकते हैं, जिससे क्षेत्र में शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी।

### कांकेर जिले में...

कोटमेटा, जिला मरकाम निवासी दक्षिण बस्तर, कुमारी सनकी ग्राम दोड़गेजोड़ा थाना परतापुर, सोमा पोड़ियाम निवासी इंद्रावती एरिया जिला बीजापुर, लखमी पद्दा निवासी मरकाबेड़ा थाना सोनपुर जिला नारायणपुर और मिलिट्री कंपनी नंबर 05 के बचे 04 नक्सलियों में सुकदास उइका निवासी दक्षिण बस्तर क्षेत्र, जानकी सोढ़ी निवासी दक्षिण क्षेत्र, मोनिका निवासी पश्चिम बस्तर क्षेत्र, दारसू शोरी ग्राम पिपरा थाना आमाबेड़ा और होलिका पुनेम निवासी ग्राम कुमड़ पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर सक्रिय है।

# करेंसी टॉवर की लिफ्ट में 20 मिनट फंसी रहीं वरिष्ठ महिला आईएएस अफसर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर के पास करेंसी टॉवर में एक बड़ी लापरवाही की घटना सामने आई है। सोमवार को सुबह सवा सात बजे के करीब सीनियर आईएएस एसीएस ऋचा शर्मा लिफ्ट में करीब 20 मिनट फंसी रहीं। काफी मशक्कत करने के बाद आईएएस अफसर को लिफ्ट से निकालने में कामयाबी मिली। बताया जा रहा है, महिला आईएएस अफसर जिस लिफ्ट में जा रही थीं, लिफ्ट बीच में अटक गयी। लिफ्ट में किसी तरह का हेल्प लाइन नंबर के साथ अन्य नंबर नहीं होने से आईएएस अधिकारी ने जिम्मेदारों से संपर्क करने के बजाय अपने परिचितों के माध्यम से करेंसी टॉवर के जिम्मेदारों तक लिफ्ट में फंसे होने की जानकारी पहुंचाई।

जिस लिफ्ट में महिला आईएएस फंसी हुई थीं, उस लिफ्ट के अंदर न तो पर्याप्त रोशनी थी और न ही हवा आने का कोई रास्ता। इसके कारण आईएएस अफसर को घबराहट होने लगी और उनकी हालत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, घबराहट के कारण महिला आईएएस अफसर काफी बदहवास हो गई थीं। अधिकारी ने किसी तरह अंदर से फोन कर प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना दी, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया।



#### उर्जा सचिव को कॉल कर दी जानकारी

मौके पर उपस्थित लोगों के अनुसार महिला अधिकारी ने लिफ्ट के दौरान कांपलेक्स की बदहाली को लेकर राज्य के ऊर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव को भी काल करके जानकारी दी। पावर बैकअप, सोलर पावर नहीं होने आदि के विषय में भी जानकारी ली। काफी मशक्कत के बाद जब लिफ्ट का दरवाजा खोला गया, तब अधिकारी लिफ्ट से बाहर निकलीं।

#### पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

बताया जा रहा है कि करेंसी टावर की 7वीं मंजिल पर साइकस जिम है, जहां स्थानीय लोगों के साथ बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी भी आते हैं। इस टावर में लिफ्ट फंसने की यह पहली घटना नहीं है। पहले भी कई बार लोग लिफ्ट में फंस चुके हैं और कुछ लोग बेसुध तक हो गए हैं। बावजूद इसके प्रबंधन द्वारा कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई।

#### नियमों की अनदेखी

फॉयर सेफ्टी नियम के अनुसार बड़े कांप्लेक्स में पावर बैकअप, इमरजेंसी लाइट, अलार्म सिस्टम और इमरजेंसी संपर्क नंबरों की जानकारी अनिवार्य होती है, लेकिन करेंसी टावर में ये सुविधाएं नहीं होने के कारण ऐसी स्थिति बनी। समय पर राहत नहीं मिलने से विकट स्थिति उत्पन्न होने से इनकार नहीं किया जा सकता। नियम के अनुसार लिफ्ट का हर महीने मेंटेनेंस करना अनिवार्य है। समय पर लिफ्ट के मेंटेनेंस नहीं होने पर जानकार लिफ्ट में तकनीकी खामी आने की बात कह रहे हैं। लिफ्ट खराब होने की बात को लेकर करेंसी टॉवर प्रबंधन ने अब तक अपना पक्ष नहीं रखा है।

# बिना नंबर के दौड़ रही 108 की एंबुलेंस, रजिस्ट्रेशन पर भी उठे सवाल

**रायपुर।** गंभीर स्थिति में मरीजों को सरकारी अस्पताल पहुंचाने वाली 108 संजीवनी एंबुलेंस बिना नंबर प्लेट के दौड़ रही हैं। पिछले बीस दिनों से मरीजों के लिए उपलब्ध इन वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर भी सवाल उठाया जा रहा है।

नियम के मुताबिक कोई भी वाहन का संचालन बिना रजिस्ट्रेशन नहीं किया जा सकता। आरोप लगाया गया है कि गाड़ियां महीनेभर पहले आ चुकी हैं, इसके बाद भी संचालन कंपनी इसके रजिस्ट्रेशन और नंबर प्लेट लगाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। काफी संख्या में ऐसे वाहनों का संचालन कांकेर, सरगुजा और एमसीबी जिले में किया जा रहा है। परिवहन विभाग के नियम के मुताबिक किसी भी वाहन को बिना रजिस्ट्रेशन के सड़क पर नहीं उतारा जा सकता। इस नियम को नजर अंदाज कर नई कंपनी अपनी एंबुलेंस सेवा का संचालन कर रही है।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

Sai Care श्री सांई केयर हॉस्पिटल
उपलब्ध सेवायें कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सोमवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 6 बजे से 7 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771-4060929, मो. 7389485756

HMS घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, खटमल पर असरकारक है।

गैस आउट सिरप
गैस, अरुचि, कब्ज़, अफरा, अपचन में तुरंत असरकारक नैचुरल आयुर्वेदिक है
सुगर के मरीज भी ले सकते हैं...
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है-थोक दवाई एजेन्सी में कार्य करने हेतु एकाउंटेंट, माल निकालने, पैकिंग करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं एक ड्राइवर की आवश्यकता है इच्छुक सम्पर्क करें-बंगाल ड्रग हाउस, तेलीपारा, बिलासपुर 88153 53022 (40610)

आवश्यकता है-हाइवा मेन्टेनेन्स+ फील्ड वर्क हेतु 20-30 वर्षीय लड़का चाहिए वेतन 7000+ पैट्रोल, स्वयं की बाइक अनिवार्य, बिलासपुर निवासी को प्राथमिकता हाइवा मेन्टेनेन्स संबंधित फील्ड कार्य अनुभवी सम्पर्क करें- 7067005520, 9109395522 (40611)

आवश्यकता है-ट्रांसपोर्ट कार्य हेतु दो लड़कों की आवश्यकता है कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए सैलरी योग्यता अनुसार 2 से 3वर्ष अनुभव अनिवार्य सम्पर्क करें-जय दुर्गा रोडलाइन्स ट्रांसपोर्ट नगर सिरगिट्टी रोड बिलासपुर 9300678181 (40613)

आवश्यकता है-झाड़ू पोछा, साफ सफाई वेटर कार्य (18वर्ष से ऊपर) कर्मचारी, मेहनती लड़कों की। वेतन 10000 से 12000 ग्रामीणों को रहना खाना निःशुल्क सम्पर्क करें-अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898 (40614)

आवश्यकता है-फुटवियर शॉप में अनुभवी, सेल्समैन, सेल्सगर्ल, मार्केटिंग (फील्ड वर्क हेतु) बिजी एकाउंट हेतु चाहिए बॉयोडाटा सहित सम्पर्क करें- चरण स्पर्श शू मॉल रघुराज सिंह स्टेडिम के सामने बिलासपुर 9300300333, 07752-407333 (40616)

आवश्यकता है-खेती बाड़ी का कार्य करने हेतु फैमिली वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर कार्य कर सके दोनों मिलाकर तनख्वाह 14000 महीना सम्पर्क करें- 97542 93974 (40591)

आवश्यकता है-Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 रहना, खाना पता-न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 9644433021, 07752-337082 (40618)

आवश्यकता है-टीवीएस डीलर को सेल्स, सर्विस एग्जीक्यूटिव मैनेजर, कम्प्यूटर आपरेटर, बिलिंग एग्जीक्यूटिव टेलीकॉलर हेतु योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- चन्द्र टीवीएस महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 90391 67202 (40617)

आवश्यकता है-मेन्स वियर शॉप में अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें-यूनिक फैशन शिव टॉकीज चौक बिलासपुर 9303159900 9630110824 (कॉलिंग समय सुबह 11:30 से शाम 7 तक) (40615)

आवश्यकता है-होटल में साऊथ इंडियन कुक, किचन हेल्पर एवं वेटर सप्लायर युवक, युवतियों की आवश्यकता है अनुभवी/ फ्रेशर दोनो को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9340229293 (40619)

आवश्यकता है-सिक्योरिटी एजेन्सी में कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति जो शोरूम में गाड़ियों की एंट्री कर सके तथा डे/ नाइट में काम करने हेतु चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 9981630084, 9425534940 (40620)

आवश्यकता है- कपड़ा, कॉस्मेटिक, ज्वेलरी दुकान में पार्ट टाइम, फुल टाइम कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें-शिमर एंड शाइन, अग्रसेन चौक बिलासपुर 8602460166 (40604)

आवश्यकता है-लोकल एवं बाहर प्लास्टिक पाईप डिलीवरी हेतु पिकप, छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन-12000 से 15000 (अनुभव के अनुसार) सम्पर्क करें-सिलपहरी इंडस्ट्रीयल एरिया बिलासपुर 9300734341 (40585)

आवश्यकता है-गोडाउन सुपर वाईजर-2 पद एवं धर्म कांटा ऑपरेटर (नाईट शिफ्ट परमानेंट)2पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शिवांगी आइल्स बिलासपुर 9303790515 (40597)

आवश्यकता है-ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग हेतु 5 लड़के, 5 लड़कियों की। वेतन 8000, कार्य समय 10 से 8, सम्पर्क-पाहवा इंटरप्राइजेज गोल्डन बार के पीछे, व्यापार विहार बिलासपुर 8109167000 (40621)

आवश्यकता है- घरेलु सभी कार्य करने हेतु कुशल महिला/ लड़की एवं निजी कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-वर्मा नर्सिंग होम के पास, विनोवा नगर, बिलासपुर 7000953447, 96859 01101 (40609)

आवश्यकता है- फ्रोजन फूड, किराना दुकान में आर्डर सप्लाई हेतु जानकार स्टाफ चाहिए वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें-के.सी. फ्रोजन फूड, त्रिवेणी भवन के पास, व्यापार विहार, बिलासपुर 9579552762, 8815001551 (40607)

आवश्यकता है-ईवी शोरूम में सेल्स एग्जीक्यूटिव- 5, ड्राइवर- 1 चाहिए। वेतन+ आकर्षक इंसेंटिव। अनुभवी को प्राथमिकता अपने बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- श्री बजरंग ऑटोमोबाइल (Kinetic Green) तोरवा बिलासपुर 9302569282 (40603)

आवश्यकता है-लाईट शोरूम में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है जिन्हे बिजली दुकान में काम करने का अनुभव हो अनुभवी को प्राथमिकता वेतन अनुभव के अनुसार सम्पर्क करें- 99935 66695 (40598)

आवश्यकता है-आया, कुक, केयर टेकर बच्चों हेतु आवश्यकता है उम्र 25 से 35वर्ष केवल तलाकशुदा/ विधवा हेतु वेतन 8000 से 12000 स्थायी रहने पर वेतन वृद्धि सम्पर्क करें- 97527 89180, 7999819387 (40594)

आवश्यकता है-आफिस में साफ सफाई एवं अन्य कार्य हेतु एक व्यक्ति (लड़का) की आवश्यकता है। कार्य समय सुबह 10.30 से 2 एवं शाम 4 से 8:30 तक। वेतन 6000/- सम्पर्क- प्रेम अपार्टमेंट, राजस्थान होटल के पास, मुंगेली नाका चौक, बिलासपुर 9993627592 (40590)

आवश्यकता है-ऑफिस में सामान पैकेजिंग कार्य करने हेतु महिला स्टाफ की आवश्यकता है। कार्य समय- सुबह 10:30 से शाम 7बजे तक। सम्पर्क करें-श्रीराम टावर्स के पास, व्यापार विहार, बिलासपुर 87094 38746 (40587)

आवश्यकता है-होटल नटराज में अनुभवी हाउस कीपिंग पुरुष स्टाफ की आवश्यकता है दोपहर 1बजे से रात 11बजे तक वेतन 7000 से 9000 सम्पर्क करें-होटल नटराज अग्रसेन चौक बिलासपुर 9977861508 (40599)

आवश्यकता है-सरकंडा स्थित MRF टायर शोरूम में मशीन द्वारा टायर फिटिंग के लिए हेल्पर/ टेक्नीशियन की आवश्यकता है फ्रेशर भी अप्लाई कर सकते हैं। केवल इच्छुक ही सम्पर्क करें- 81098 55064 (40595)

आवश्यकता है-कार वॉशिंग गैराज में कार्य करने हेतु हेल्पर चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। सैलरी अनुभव के अनुसार। सम्पर्क करें- माँ शारदा कार केयर, संजीवनी हॉस्पिटल के पास, स्मार्ट रोड, बिलासपुर 7879094455 (40592)

आवश्यकता है-फैक्ट्री में लोडिंग, अनलोडिंग हेतु हमाल एवं एक ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री शारदा इण्डस्ट्रीज, इण्डस्ट्रीयल एरिया, तिफरा बिलासपुर 78699 19759 (40586)

आवश्यकता है-सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग हेतु युवकों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें-पारस इन्टरप्राइजेस GF-26 अम्बे अंजनी ई-प्लाजा सीएमडी कॉलेज चौक, लिंक रोड बिलासपुर 94255 30470, 9826598526 (40581)

आवश्यकता है-साड़ियों की दुकान में कार्य हेतु लड़के चाहिए सेल्समैन वेतन 17000+ 1%, सीखे हुए हेल्पर 10000/-फ्रेशर हेल्पर 8500/- नोट- 18वर्ष से 30वर्ष तक के लड़के ही सम्पर्क करें- 96913 42085 (40596)

आवश्यकता है-जर्नी कंसल्टेंसी ग्रुप ऑफिस में एक महिला चपरासी चाहिए नाश्ता, पानी हेतु (चाय नाश्ता बनाने एवं ऑफिस के सभी कार्य अनुभवी हो) रहने खाने की सुविधा पेमेंट योग्यतानुसार सम्पर्क- 9993316757 (40589)

आवश्यकता है-UTN शॉप में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें-शॉप नम्बर FS16, प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 79995 94790, 7806007192 (40560)

आवश्यकता है-दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती युवती, युवक हमाल की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें-राधेश्याम स्टेशनरी मार्ट सरजू बगीचा तेलीपारा रोड बिलासपुर (40503)

आवश्यकता है-बिलासपुर स्थित एजुकेशन कंसल्टेंट ऑफिस में काम करने के लिए टेलिकॉलर, ऑफिस मैनेजर की आवश्यकता है पद संख्या 2, योग्यता अनुभव और अंग्रेजी ज्ञान वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता अपना रेज्यूमे लेकर गुरुवार एवं शनिवार को 12 से 3बजे तक मिलें ऑफिस वन क्लिक सॉल्यूशन पता अंश प्लाजा सेकेण्ड फ्लोर रिंग रोड न-2 मंगला बिलासपुर 79879 17660 (40593)

आवश्यकता है-भारत के 28 राज्यों में सफलतापूर्वक चलने वाली हमारी कंपनी को अपनी जैविक खाद की सप्लाई के लिए ऊर्जावान और मेहनती सेल्स/ फील्ड डिस्ट्रीब्यूटर लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-9977999171, 9329245540 (0388)

आवश्यकता है-राष्ट्रीय स्तर की कम्पनी को अपने ऑफिस विस्तार हेतु अविवाहित युवकों की आवश्यकता है जो शहर से बाहर छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश मे रहकर काम कर सके वेतन 12000 रहना खाना नियुक्ति फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाये 20 से 25 हजार महीना सम्पर्क करे 9755577072, 7999114133 (401)

## बेचना है

बेचना है-उसलापुर में सांई आनन्दम के पास शानदार 20×60= 1200 वर्गफुट में बना नया 2BHK पूर्व मुखी सामने 30 फिट रोड फुल फिनिशिंग स्वयं का बोर सर्वसुविधायुक्त मकान। सम्पर्क करें- 88238 10105 (40580)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

बेचना है-रायपुर मेन रोड नया बस स्टैण्ड के सामने मण्डपम मंगलम के बाजू वाली रोड से सेक्टर-D चौक के पास 20×58, 40×58 आवासीय प्लॉट, घुरू से सैदा मेन रोड से लगा 35×55, आवासीय प्लॉट सम्पर्क- 9993770950, 7389486109 (40583)

## किराया

किराया-नेहरू नगर में 2BHK, 3BHK फ्लैट किराए से देना है। ओपन, हवादार अपार्टमेंट बड़ी खिड़कियां, भरपूर रोशनी, वेंटिलेशन, 24×7 पानी, बिजली, जेनरेटर, गार्ड, क्लोज्ड कैम्पस, पॉश, लोकेशन। सम्पर्क- 95896 01111, 9753301111 (40608)

किराया-बिलासपुर में आजाद चौक मंगला के पास महामाया पार्क कालोनी में सर्व सुविधा युक्त 2BHK मकान किराये पर देना है। बैंक एवं शासकीय कर्मचारी परिवार को प्राथमिकता सम्पर्क करें-7999694091 (40605)

किराया-मंगला चौक पर सागर गोल्डन स्क्वेयर काम्प्लेक्स में प्रथम तल पर 12×17 की दो दुकानें किराए से देना है सम्पर्क करें-93032 05444 (40571)

## शैक्षणिक

प्रवेश प्रारम्भ-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे- BA, B.Com, B.Sc, BCA, MCA, BBA, MA, M.Com, M.Sc, MBA, MSW, B.Lib, M.Lib, DCA, PGDCA, Poly-technic B.Tech अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें- Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4146)

## फाइनेन्स

फाइनेन्स-महालक्ष्मी फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस पर्सनल, कृषि महिला समूह मकान दुकान लघु उद्योग पर्सनल लोन आधार कार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध 2% ब्याज, 30% छूट सम्पर्क करें- 9039310732, 82804 01638 (030)

फाइनेन्स-कुबेर फाइनेन्स मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 15लाख तक, 1% ब्याज वार्षिक, प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन सिविल खराब लोन पाए सम्पर्क करें- 88826 27857 (4376)

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 5 | 3 | 2 | 6 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
283 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
13 विकेट
चेन्नई

# आरआर की लगातार दूसरी हार से टूटे वैभव

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उसे 4 विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। टीम की हार के बाद 15 साल के वैभव सूर्यवंशी काफी निराश दिखे। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बाउंड्री के पास जमीन पर सिर झुकाए बैठे हुए हैं और उनकी आंखों से आंसू छलक रहे है। इस हार के बाद वैभव सूर्यवंशी काफी दुखी थे और उनका रोते हुए एक वीडियो भी वायरल हुआ है। विपक्षी केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक उनके पास पहुंचते हैं और बगल में बैठकर उनकी हिम्मत बढ़ाते हैं।



**वैभव के बालसुलभ इमोशंस गहरे :** वैभव सूर्यवंशी अभी है भी तो महज 15 साल के। उनके अंदर बालसुलभ इमोशंस गहरे बैठे हैं। जब भी उनकी टीम हारती है या वह आउट होते हैं तो वह बहुत निराश दिखते हैं। रविवार के मैच में सूर्यवंशी ने अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने 28 गेंदों में 46 रन की पारी खेली थी। आईपीएल में कोई बल्लेबाज 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 40+ का स्कोर बनाता है तो उसे शानदार ही कहेंगे, लेकिन वैभव सूर्यवंशी के स्टैंडर्ड के लिहाज से ये थोड़ा कम लगेगा।

### सूर्यवंशी दिखे निराश और थके-हारे

अच्छे प्रदर्शन के बाद भी टीम के हारने पर सूर्यवंशी काफी निराश नजर आए। वह बाउंड्री रोप के नजदीक अकेले बैठे थे। बिल्कुल निराश। थके-हारे। टूटे-टूटे से। केकेआर के फील्डिंग कोच दिशांत याज्ञनिक ने उन्हें इस हाल में देखा तो वह उनके पास गए। बगल में बैठ गए और कंधे पर हाथ रखकर उन्हें हिम्मत दिलाते दिखे।

# पहली जीत के बाद खिलाड़ियों के निकले आंसू

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आखिरकार आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत हासिल की। इसके बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों आंसू निकल गए। इस जीत के बाद कोलकाता के ड्रेसिंग रूम का माहौल बदल गया। माहौल इतना इमोशनल हो गया, जितना तो 2024 में खिताबी जीत के बाद भी नहीं था। अजिक्य रहाणे की अगुआई वाली कोलकाता ने रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में चार विकेट से जीत हासिल की थी। सीजन की पहली जीत के बाद कोलकाता के खिलाड़ी काफी इमोशनल हो गए। जीत के बाद स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने ड्रेसिंग रूम का हाल बताया। उन्होंने बताया कि ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों की आंखों में आंसू थे। उन्होंने कहा कि यह बहुत, बहुत ज़्यादा अहम है। मैं आपको बता सकता हूं कि आज ड्रेसिंग रूम में मैंने कई लोगों की आंखों में आंसू देखे, जो हमने उस साल भी नहीं देखे थे जब हमने 2024 में आईपीलए जीता था।



### हेड कोच नायर को जीत का क्रेडिट

वरुण ने इस बात पर जोर दिया कि इस जीत का नतीजा मिलना, इसे ज़्यादातर जीतों से कहीं ज़्यादा अहम बनाता है। इसका मुख्य श्रेय हेड कोच अभषिक नायर और कोचिंग स्टाफ को जाता है, क्योंकि उन्होंने बाहरी शोर का खलिाड़ियों पर कोई असर नहीं पड़ने दिया। चक्रवर्ती ने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह में केकेआर का काफी मजाक उड़ाया गया है और उसकी बहुत आलोचना हुई है, जिसका असर यकीनन खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। मजबूत इरादे रखना ही सफलता की कुंजी है और इसे हासिल करने के लिए केकेआर को अपनी पूरी ताक़त झोंकनी होगी।

## खबर संक्षेप

### डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे शीर्ष खिलाड़ी



**नूंह।** वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान और मनु गंडास जैसे शीर्ष घरेलू गोल्फरों सहित लगभग 130 पेशेवर खिलाड़ी 'क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में शुरू होने वाली एक करोड़ रुपए पुरस्कार राशि वाले 'डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप' में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा सत्र (2026) में 'डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार, खालिन जोशी, हनी बैसोया और अंगद चीमा भी खिताब के दावेदारों में शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगाराजा टूर्नामेंट में भाग लेने वाले प्रमुख विदेशी खिलाड़ी होंगे। मेजबान क्षेत्र गुरुग्राम और नूंह का प्रतिनिधित्व ध्रुव श्योराण और तपेंद्र घई जैसे खिलाड़ी करेंगे।

### पीएसए चैलेंजर का सूरजचंद ने जीता खिताब

**चेन्नई।** भारत के सूरज कुमार चंद ने दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रियू को सीधे गेम में हराकर एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर खिताब जीत लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 11-5, 11-9, 11-3 से हराया। मिस्र की सातवीं वरीयता प्राप्त रोकैया ओथमैन ने मलेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त हरलीन तान को 12-10, 11-7, 9-11, 11-7 से हराकर महिला खिताब जीता।



### जोबर्ग लेडीज ओपन में 36वें स्थान पर प्रणवी

**जोहानिसबर्ग।** गोल्फर प्रणवी उर्स अंतिम दौर में एक अंडर 72 के स्कोर से जोबर्ग लेडीज ओपन में संयुक्त 36वें स्थान पर रहीं। टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय प्रणवी ने अंतिम दौर में दो बर्डी ओर एक ईगल किया लेकिन तीन बोगी भी कर गई, जिससे उनका स्कोर एक अंडर रहा। चार अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। इस बीच फ्रांस की अगाथे लेस्ने ने पांच अतिरिक्त होल में कर्स्टन रुडगेली को पछाड़कर खिताब जीता।



### असम रणजी टीम के मुख्य कोच बने पोवार

**मुंबई।** मुंबई और बड़ौदा के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर किरण पोवार को 2026-27 के घरेलू सत्र के लिए असम की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच बनाया गया है। बाएं हाथ के 50 साल के पूर्व खिलाड़ी किरण मुंबई, बड़ौदा और असम के लिए खेले हैं। वह भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर और महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश पोवार के बड़े भाई हैं। पिछले सत्र में किरण मुंबई की अंडर-23 टीम के प्रभारी थे और यह सीनियर टीम के साथ उनका पहला कार्यकाल होगा, जिसमें वह प्रभारी होंगे।



## मुंबई इंडियन्स ने गुजरात टाइटंस को 99 रन से हराया

# तिलक का तूफान, जीती एमआई, 100 रन पर ढेर जीटी

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

तिलक वर्मा के नाबाद तूफानी शतक के बाद अश्वनी कुमार की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को लगातार चार हार के क्रम को तोड़ते हुए गुजरात टाइटंस को 99 रन से हराया, जो मौजूदा सत्र में रनों के लिहाज से किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है। तिलक ने आईपीएल के अपने पहले शतक के दौरान 45 गेंद में 8 चौकों और 7 छक्कों से नाबाद 101 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हार्दिक पंड्या (15 रन, 16 गेंद, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 और नमन धीर (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी भी की, जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच विकेट पर 199 रन बनाए।

- मुंबई ने लगातार 4 हार के बाद चखा जीत का स्वाद

इसके जवाब में टाइटंस की टीम अश्वनी कुमार (24 रन पर 4 विकेट), अल्लाह गजनफर (17 रन पर 2 विकेट) और मिचेल सेंटनर (16 रन पर 2 विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 15.5 ओवर में 100 रन पर सिमट गई और कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। टाइटंस की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने सर्वाधिक 26 रन बनाए जबकि उनके अलावा शाहरुख खान (17), कप्तान शुभमन गिल (14) और कागिसो रबाडा (12) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। तिलक की पारी की बदौलत मुंबई की टीम अंतिम चार ओवर में 73 रन जोड़ने में सफल रही।



### अभिषेक, यशस्वी, फिलिप्स के रिकॉर्ड ध्वस्त

तिलक वर्मा ने गुजरात के खिलाफ नाबाद 101 रन की पारी खेली और टी20 क्रिकेट में 23 साल की उम्र में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शुभमन गिल के साथ पहले स्थान पर आ गए। टी20 क्रिकेट में ये तिलक वर्मा का 5वां शतक रहा और वो शुभमन गिल की बराबरी पर आ गए, जिन्होंने इस उम्र में कुल 5 शतक लगाए थे। तिलक ने अभिषेक शर्मा, यशस्वी और ग्लेन फिलिप्स को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने टी20 क्रिकेट में 23 साल की उम्र में 4-4 शतक लगाए थे।

### तिलक ने मुरली विजय को पीछे छोड़ा

तिलक वर्मा ने 45 गेंदों पर शतक लगाया और उन्होंने मुरली विजय को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने इस लीग में 46 गेंदों पर शतक लगाया था। आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में तिलक वर्मा अब इशान किशन और मयंक अग्रवाल के साथ संयुक्त रूप से 5वें नंबर पर आ गए। इस लिस्ट में वैभव पहले स्थान पर हैं। मुरली विजय अब छठे नंबर पर आ गए।

### टाइटंस की खराब शुरुआत

टाइटंस की ओर से रबाडा सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 33 रन देकर 3 विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज ने 25 जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 54 रन देकर एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में 5 रन तक ही साई सुदर्शन (00) और जोस बटलर (05) के विकेट गंवा दिए और टीम कभी इस खराब शुरुआत से नहीं उबर पाई। सुदर्शन ने जसप्रीत बुमराह की पारी की पहली गेंद पर प्वाइंट पर कृष भगत को कैच थमाया जबकि बटलर को पंड्या ने पगबाधा किया। वाशिंगटन सुंदर (26) ने पंड्या पर तीन चौकों के साथ शुरुआत की और फिर अश्वनी कुमार पर भी चौका जड़ा।

### तिलक ने की जयसूर्या के रिकॉर्ड की बराबरी

तिलक वर्मा ने पारी की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर 45 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उनसे पहले सनथ जयसूर्या ने 2008 में मुंबई इंडियंस के लिए 45 गेंदों में शतक पूरा किया था। उसके 18 साल बाद तिलक वर्मा ने मुंबई के लिए सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की है।

45 गेंद - तिलक वर्मा
45 गेंद - सनथ जयसूर्या
47 गेंद - कैमरून ग्रीन
49 गेंद- सूर्यकुमार यादव

## विश्व सीरीज कार्टिंग

# 11 वर्षीय अतिका का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
## डब्ल्यूएसके में सेकेंड पोजीशन



**लोनाटो ।** भारतीय रेसिंग की नई सनसनी 11 वर्षीय अतिका मीर ने विश्व सीरीज कार्टिंग (डब्ल्यूएसके) की पहली रेस में दूसरा स्थान हासिल किया, जो किसी भारतीय का इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। फॉर्मूला वन अकादमी से सहायता पाने पहली भारतीय और ओकेएनजे श्रेणी (12-14 वर्ष की आयु) में विश्व स्तर पर सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला रेसर अतिका ने साउथ गार्डा कार्टिंग में डब्ल्यूएसके यूरो सीरीज राउंड दो की शुरुआती रेस में शानदार प्रदर्शन किया। यह दूसरा अवसर है जबकि डब्ल्यूएसके में ओकेएनजे श्रेणी की किसी रेस में किसी महिला खिलाड़ी ने दूसरा स्थान हासिल किया।

अतिका ने यूरोपीय सर्किट पर अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उनकी इस रेस के दौरान दर्शकों में मर्सिडीज एफवन के बॉस टोटो वोल्फ और उनके स्टार ड्राइवर जॉर्ज रसेल भी मौजूद थे। अतिका ने अभ्यास सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन किया और पोल पोजीशन हासिल करने वाले ड्राइवर से केवल एक सेकंड के दसवें हिस्से से पीछे रहीं।

# आज से शुरू टूर्नामेंट, दांव पर दो स्वर्ण पदक

**काहिरा।** भारतीय जूनियर निशानेबाज मंगलवार से शुरू होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में इस सत्र में पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसके पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में पदकों का फैसला होगा।

भारत इस प्रतियोगिता में 71 खिलाड़ियों को उतारेगा, जिसमें 58 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य रविवार को काहिरा पहुंच गए थे। प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरुआत पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 25 मीटर पिस्टल प्रेसिजन चरण के साथ होगी। इसके साथ ही स्कीट में पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में शुरुआती चरण के निशाने भी लगाए जाएंगे।

### आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप :




### शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर नजर

भारत ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छह निशानेबाजों को उतारा है, जिनमें एशियाई जूनियर रिकॉर्ड धारक और 2025 की आईएसएसएफ विश्व कप चैंपियन शम्भावी क्षीरसागर के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। उनके अलावा अनुष्का थोकुर, मान्यता सिंह, अनीशा शर्मा, अन्वी राठौड़ और पनाह भुगरा भी अपनी चुनौती पेश करेंगी।

# हॉकी इंडिया कोचिंग शिविर के लिए चुने गए 36 खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में 20 अप्रैल से 9 मई तक लगाए जाने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 36 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। इस कोचिंग शिविर में टीम संयोजन, फिटनेस और मैच की परिस्थितियों की तरह अभ्यास सत्र आयोजित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह शिविर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को इस साल एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेलों में भाग लेना है। इस शिविर में उन विभागों की पहचान की जाएगी, जिनमें टीम को और बेहतर बनने की जरूरत है।

# ईटीपीएल में टीम खरीदकर ब्रांड एम्बेसडर बने गेल




**मुंबई।** पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने स्कॉटलैंड की 'ग्लास्गो मुगाफियंस' फ्रेंचाइजी की घोषणा की, जिसमें वेस्टइंडीज के क्रिकेटर क्रिस गेल सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन के सह स्वामित्व वाली ईटीपीएल का पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर के बीच खेला जाएगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी के बीच 33 मैच छह शहरों ग्लास्गो, एम्सटर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटरडम में खेले जाएंगे। लीग के अनुसार ग्लास्गो टीम का स्वामित्व तंशा बत्रा के पास होगा जबकि मुगाफी ग्रुप संस्थापक साझेदार रहेगा। गेल इसके सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे।

### बढ़ रही क्रिकेट के प्रशंसकों की संख्या

मुगाफी ग्रुप के संस्थापक और सीईओ विपुल अग्रवाल ने कहा,' दुनिया भर में क्रिकेट के प्रशंसकों की संख्या बढ़ रही है। यूरोप की पहली मान्यता प्राप्त लीग में गेल जैसे बड़े नाम के साथ फ्रेंचाइजी में शुरूआती निवेश सुनहरा मौका है।'

* **पेरिस।** ब्राजील के फॉरवर्ड एंड्रिक ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे लियोन ने शीर्ष पर काबिज पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल प्रतियोगिता लीग 1 में तीसरा स्थान हासिल करके चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया।

## हैरी केन ने दागा सत्र का 32वां गोल

# बायर्न का दबदबा, 13वीं बार बुंडेसलीगा पर कब्जा

**म्यूनिख।** बायर्न म्यूनिख ने स्टटगार्ट पर 4-2 से आसान जीत हासिल करके पिछले 14 साल में 13वीं बार जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलीगा का खिताब अपने नाम किया। बायर्न म्यूनिख की इस जीत के नायक भी हैरी केन रहे, जिन्होंने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने के बाद सत्र का अपना 32वां गोल किया। इससे पहले राफेल गुएरेरो (31वें), निकोलस जैक्सन (33वें) और अलफांसो डेविस (37वें) ने सात मिनट के अंदर तीन गोल करके बायर्न म्यूनिख को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। स्टटगार्ट की तरफ से क्रिस फ्यूरिच (21वें) और चेमा आंद्रेस (88वें) ने गोल किए। इस जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने जर्मन लीग के चार राउंड शेष रहते हुए दूसरे स्थान पर मौजूद बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 15 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है।



### प्रीमियर लीग की खिताबी दौड़ रोमांचक

**मैनचेस्टर।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड कि दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को रोमांचक बना दिया है। इस जीत से इस सिटी के 32 मैच में 67 अंक हो गए हैं जबकि शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के 33 मैच में 70 अंक हैं। तीसरे और चौथे नंबर पर काबिज मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के समान 58 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी को बुधवार को रेलीगेशन के खतरे से जूझ रही बर्नली के खिलाफ मैच खेलना है और संभावना है कि पेप गार्डियोला की टीम इस मैच में जीत हासिल करके आर्सेनल की बराबरी पर पहुंच जाएगी और पांच दौर के मैच शेष रहते हुए बढ़त हासिल कर लेगी।

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ - 123031 (हरियाणा)

विज्ञापन स.: 01/NT/C/2026 **रोजगार सूचना** दिनांक: 16.04.2026

संविदा आधार पर विभिन्न गैर शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों (जिनमें भारत के प्रवासी नागरिक भी शामिल हैं) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र और अन्य विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in पर उपलब्ध हैं। इस संबंध में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15.05.2026 है।
**कुलसचिव**

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. 4633-जीआरसी-सीई-सी-एसओ-16-2026, दिनांक 17.04.2026**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)/एस/गार्डनरीच-700043, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नीचे उल्लेखित निविदाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तारीख को दोपहर 12.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** उप मुख्य अभियंता (निर्माण-II), खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र के अधीन दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल के नीमपुरा रिसिप्शन यार्ड का परहेज करते हुए कलाईकुंडा-नीमपुर वेस्ट आउटर-गोकुलपुर (12.33 किमी) के कनेक्टिविटी कार्य के निष्पादन के लिए संयुक्त कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 75.51 करोड़; **बोली सुरक्षा:** रु. 1,51,02,200; **समापन अवधि:** 18 महीने। **बंद होने की तारीख:** 15.05.2026; निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए कोई भी मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने हेतु नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-58)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-28-26-27, दि. 07-04-2026 कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेटलमेंट/बीएसपी के अधिकार क्षेत्र में बिलासपुर रेलवे सेटलमेंट में विभिन्न कालोनियों में निवासियों को जानवरों, चोरी और भिखारियों आदि से सुरक्षित रखने हेतु स्टाफ क्वार्टरों के चारो ओर नई बाड़ लगाने की व्यवस्था। निविदा मूल्य: 4,58,01,898.85/–, अमानत राशि: ₹ 9,16,000/–, कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह।

क्र.सं. (2) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-29-26-27, दि. 07-04-2026 कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेटलमेंट/बीएसपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बस्ती में हॉस्पिटल रोड सतपुड़ा क्लब रोड नये ORH को जोड़ने वाली सड़क और अन्य कॉलोनी सड़कों का सुधार। निविदा मूल्य: 1,21,98,914.10/–, अमानत राशि: ₹ 2,44,000/–, कार्य पूर्णता की अवधि: 08 माह।

क्र.सं. (3) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-30-26-27, दि. 07-04-2026 कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेटलमेंट/बीएसपी के अधिकार क्षेत्र में बिलासपुर रेलवे सेटलमेंट में अरपा नदी क्षेत्र और बापू नगर के पास शहरी क्षेत्र से सटे स्थान पर 1100 मीटर लंबी बाउंड्री वॉल का निर्माण। निविदा मूल्य: 85,36,649.86/–, अमानत राशि: ₹ 1,70,700/–, कार्य पूर्णता की अवधि: 08 माह। निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 21–04–2026 के 11.00 बजे से, निविदा जमा की अंतिम तिथि: 05–05–2026 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/FL/36 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail




# महातूफान सिनलाकु का खौफनाक मंजर आया सामने, सैटेलाइट ने खींची तस्वीरें

**न्यूयार्क।** साल 2026 में क्या फिर कोई महातूफान तबाही मचाने वाला है? अंतरिक्ष में तैनात इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से कुछ ऐसी ही तस्वीरें सामने आई हैं जो डरा देने वाली हैं। इस समय उत्तर प्रशांत महासागर में उठा तूफान सिनलाकु सबसे शक्तिशाली तूफान बन गया है। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से आई तस्वीरें इस तूफान की भयावहता को दिखाती हैं। तस्वीरों में तूफान की आंख बहुत ही स्पष्ट और डरावनी नजर आ रही है, जो इसके खतरनाक होने का संकेत है।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार सिनलाकु तूफान अब एक कैटेगरी-5 के लेवल का बहुत ही हिंसक तूफान बन गया है। इसकी हवाओं की रफ्तार 280 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक यह इस साल का अब तक का सबसे शक्तिशाली तूफान बन गया है। अप्रैल के मध्य में विकसित हुए इस तूफान ने मारियाना द्वीप समूह की तरफ बढ़ते समय बहुत ही कम समय में अपनी ताकत दोगुनी कर ली है। सैटेलाइट से मिले डेटा के मुताबिक बीते 14 और 15 अप्रैल को इस टायफून ने सायपन, टिनियन और रोटा जैसे द्वीपों पर भयंकर तबाही मचाई है। सुपर टाइफून सिनलाकु ने बुधवार को सुबह होने से पहले कई घंटों तक उत्तरी मारियाना द्वीप समूह पर हमला किया. यह धीमा होकर भी टिनियन और सैपान द्वीपों पर ज्यादा नुकसान पहुंचाता रहा. इन द्वीपों पर लगभग 50,000 लोग रहते हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि अब कुछ दिनों में यह कमजोर होकर धीमा पड़ने की उम्मीद है।

### बहुत अलग है इस साल का मौसम

मौसम विभाग के जानकार इस बात को लेकर हैरान हैं कि साल 2026 के शुरुआत में ही इतने शक्तिशाली तूफान देखने को मिल रहे हैं। सिनलाकु इस साल का दूसरा कैटेगरी-5 तूफान है, इससे पहले चक्रवात होरासियो आया था। ज्यादातर उत्तर-पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में अप्रैल के महीने में इतने घातक तूफान नहीं आते। अभी दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में मैला और वियानु जैसे तूफान एक्टिव हैं जो एक असामान्य और तीव्र चक्रवात सीजन की ओर इशारा कर रहे हैं।

### समंदर के ऊपर बादलों का तांडव!




### वैज्ञानिकों के लिए बना शोध का विषय

सिनलाकु न सिर्फ अपनी विनाशकारी क्षमता बल्कि अपनी बनावट की वजह से भी चर्चा में है। नोआ-20 सैटेलाइट ने रात के समय इस तूफान के ऊपर ग्रेविटी वेव्स यानी गुरुत्वाकर्षण लहरें को रिकार्ड किया है। ये लहरें अंतरिक्ष की ऊपरी परतों में चमकती हुई झुर्रियों जैसी दिखाई दे रही हैं, जिसे वैज्ञानिक भाषा में एयरग्लो कहते हैं।

# परलोक में मर्सिडीज की सवारी!

## बाप की मय्यत पर बेटों ने जमीन में गाड़ दी डेढ़ करोड़ की लग्जरी कार

**बीजिंग।** चीन के लियाओनिंग प्रांत से एक ऐसी खबर आई है, जिसने सोशल मीडिया पर 'तहलका' मचा दिया है। यहां एक 70 साल के बुजुर्ग का इंतकाल हुआ, जिन्हें गाड़ियों का बड़ा शौक था। उनके बेटों ने सोचा कि पिता को जन्नत में भी कोई कमी न रहे, इसलिए उन्होंने उनकी पसंदीदा मर्सिडीज-बेंज S450L, जिसकी कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपए है, उसे ही कब्र बनाकर दफन कर दिया. हद तो तब हो गई जब उस गाड़ी पर '8888' नंबर की वीआईपी प्लेट भी लगी थी, जिसकी अपनी कीमत लाखों में है। गाड़ी को लाल कपड़े और रिबन से सजाकर ऐसे जमीन में उतारा गया, जैसे कोई नया शोरूम खुल रहा है। गांव वालों ने भी मदद की और बदले में उन्हें भारी-भरकम



'शगुन' के लिफाफे थमाए गए, लेकिन ये खुशियां बस एक ही दिन की मेहमान थीं। ये अनोखी विदाई अब उनके गले की फांस बन गई है, क्योंकि सरकार ने इसे अंधविश्वास करार देकर तगड़ा एक्शन ले लिया है। आखिर क्या था इस दौलत की नुमाइश के पीछे का असली राज?

### कागज की गाड़ियां नहीं, सीधे असली मर्सिडीज!

चीन में वैसे तो रिवाज है कि मय्यत के वक्त कागज के घर या गाड़ियां जलाई जाती हैं, ताकि मृतक को परलोक में आराम मिले, लेकिन इस परिवार ने तो 'नहले पर दहला' मारते हुए असली कीमती धातु ही मिट्टी में मिला दी। एक पोस्ट के मुताबिक, इस अजीबोगरीब दफन प्रक्रिया ने पर्यावरण विशेषज्ञों की भी चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि जमीन के अंदर गाड़ी के तेल और बैटरी से जहर घुलने का खतरा था।

### मिट्टी में मिले 1.5 करोड़ रुपए!

अगले ही दिन प्रशासन की नींद खुली और उन्होंने इस हरकत को 'सामंती अंधविश्वास' बताकर परिवार की क्लास लगा दी। हुकूमत ने साफ कह दिया कि ये पर्यावरण के साथ खिलवाड़ है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिवार को न सिर्फ सबके सामने माफी मांगनी पड़ी, बल्कि अब उन्हें उस कार को जमीन से खोदकर बाहर निकालने और जगह को साफ करने का भारी जुर्माना भी भरना होगा। पड़ोसियों और सोशल मीडिया यूजर्स का गुस्सा सातवें आसमान पर है। कोई इसे 'अमीरी का भौकाल' बता रहा है, तो कोई कह रहा है कि ऊपर मर्सिडीज नहीं, सिर्फ नेकियां साथ जाती हैं।

# नासा की तस्वीरों में दुनिया का सबसे रोशन इलाका बना यूपी-बिहार

**वॉशिंगटन।** धरती को रात में अंतरिक्ष से देखने पर कैसी दिखती है? इसका जवाब हाल ही में सामने आए एक खास नक्शे ने दे दिया है। नासा द्वारा जारी इस नक्शे में भारत का यूपी-बिहार इलाका इतनी तेज रोशनी में चमकता नजर आया कि दुनिया भर के लोग हैरान रह गए। यह सिर्फ एक तस्वीर नहीं, बल्कि बदलते भारत की कहानी भी बता रही है। सोशल मीडिया पर इन दिनों नासा का एक नया नाइट टाइम सैटेलाइट मैप तेजी से वायरल हो रहा है। इस मैप ने पूरी दुनिया, खासकर भारतीयों को चौंका दिया है। नासा की ब्लैक मार्बल डेटा सीरीज की नई तस्वीरों में उत्तर भारत का उत्तर प्रदेश-बिहार बेल्ट रात के समय दुनिया के सबसे चमकीले क्षेत्रों में से एक बनकर उभरा है। यह चमक इतनी ज्यादा है कि इसने शंघाई, न्यूयॉर्क और लंदन जैसे महानगरों को भी पीछे छोड़ दिया है।




### कैसे बनाई गई यह तस्वीर

इस नक्शे को तैयार करने के लिए वैज्ञानिकों ने एक खास यंत्र का इस्तेमाल किया, जिसे विअर्स कहा जाता है। यह हर रात धरती की तस्वीरें लेता है और छोटी-छोटी रोशनी को भी पकड़ सकता है। यहां तक कि किसी सुनसान सड़क पर लगे एक टोल बूथ की लाइट भी। इन तस्वीरों को एक नए एल्गोरिदम की मदद से जोड़ा गया और फिर यह समझा गया कि किस इलाके में रोशनी बढ़ रही है और कहां घट रही है।

### दुनिया के दूसरे हिस्सों का हाल

इस नक्शे में सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की तस्वीर सामने आई है। चीन, मध्य पूर्व और सेंट्रल अमेरिका के कई इलाके भी काफी चमकदार नजर आए। वहीं, यूरोप के कुछ हिस्सों में रोशनी कम होती दिखाई दी। इसमें अमेरिका के भी अलग-अलग हिस्सों में अलग तस्वीर दिखी, जिसमें कुछ इलाके ज्यादा चमकदार तो कुछ जगहों पर रोशनी कम दिखाई दे रही है।

### यूपी-बिहार क्यों बना सबसे चमकदार इलाका

इस नक्शे में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली बात यह रही कि उत्तर प्रदेश और बिहार का बड़ा हिस्सा सोने जैसी चमक में नजर आया। इसका मतलब है कि यहां रात के समय रोशनी काफी तेजी से बढ़ी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसके पीछे तेजी से बढ़ता शहरीकरण, गांवों तक पहुंची बिजली और लगातार बढ़ती आबादी बड़ा कारण हैं। पहले जहां कई इलाकों में घंटों बिजली नहीं रहती थी, वहीं अब ज्यादातर जगहों पर रात भर रोशनी रहती है।

### क्या है यह नासा का खास नक्शा

नासा ने हाल ही में एक ग्लोबल मैप जारी किया है, जिसमें 2014 से 2022 के बीच धरती पर रात के समय रोशनी में आए बदलाव को दिखाया गया है। यह नक्शा लाखों सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर तैयार किया गया है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने करीब 16 लाख तस्वीरों का विश्लेषण करके यह समझने की कोशिश की कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में रात की रोशनी कैसे बदली है।

# पांच जस्टिस ने स्थायी न्यायाधीश के रूप में किया शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर



- पांच जस्टिस ने स्थायी न्यायाधीश के रूप में किया शपथ ग्रहण

हाईकोर्ट में सोमवार को जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल, जस्टिस संजय कुमार जायसवाल, जस्टिस बिभू दत्ता गुरू एवं और जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपने न्यायालय कक्ष में उन्हें शपथ दिलाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के सभी जस्टिस उपस्थित रहे।

यह उल्लेखनीय है कि विधि एवं विधायी कार्य विभाग नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल, जस्टिस संजय कुमार जायसवाल, जस्टिस बिभू दत्ता गुरू एवं जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किए जाने हेतु अधिसूचना जारी की है।

सोमवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अध्यक्ष एवं सचिव उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ, डिप्टी सॉलिसिटर जनरल, अतिरिक्त महाधिवक्ता, वरिष्ठ अधिवक्तागण एवं अन्य अधिवक्तागण, रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री, न्यायिक अकादमी एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायिक अधिकारीगण, प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इन पांचों में से दो न्यायाधीश जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल निचली अदालत (बेंच कोटे) से पदोन्नत होकर हाईकोर्ट पहुंचे हैं। वहीं, जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, जस्टिस बिभु दत्त गुरु और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद बार कोटे से सीधे अधिवक्ता के रूप में नियुक्त होकर हाईकोर्ट जज बने हैं।




# दुष्कर्म के आरोपी की अपील खारिज

दुष्कर्म के एक मामले में निचली अदालत द्वारा आजीवन कारावास की सजा को चुनौती देते हुए दायर अपील पर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने इस तरह के मामलों को लेकर गहरी चिंता जताई। डिवीजन बेंच ने कहा, यह गहरी चिंता की बात है, महिलाओं के खिलाफ अपराध, खासकर रेप के मामले बढ़ रहे हैं और हम महिलाओं के अधिकारों का जश्न मना रहे हैं। डिवीजन बेंच ने इस टिप्पणी के साथ दुष्कर्म के आरोपी की अपील को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के उम्र कैद के फैसले को यथावत रखा है।

डिवीजन बेंच ने कोर्ट कहा कि यह सेक्स क्राइम के पीड़ितों की मानवीय गरिमा का उल्लंघन, समाज के बेपरवाह रवैये की एक दुखद झलक है। रेप के आरोप में आरोपी पर मुकदमा चलाते समय कोर्ट की एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्हें कहा कि ऐसे मामलों को पूरी संवेदनशीलता के साथ देखना चाहिए। कोर्ट को किसी केस की बड़ी संभावनाओं की जांच करनी चाहिए और प्रॉसिक्यूटर के बयान में छोटी-मोटी उलझनों या मामूली अंतर से प्रभावित नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही प्रॉसिक्यूटर की गवाही को पूरे केस के बैकग्राउंड में समझा जाना चाहिए और ट्रायल कोर्ट को अपनी जिम्मेदारी के प्रति जागरूक होना चाहिए। कोर्ट ने कहा, सेक्सुअल छेड़छाड़ से जुड़े मामलों से निपटते समय संवेदनशील होना चाहिए।

### डीएनए रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई

मामला रायपुर जिले का है। इसमें डीएनए रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि साइंटिफिक रिपोर्ट सिर्फ एक राय है और यह पीड़िता और चश्मदीद गवाह के सबूतों पर कोई अहमियत नहीं देती, इसलिए अपील करने वाले को इन रिपोर्टों का कोई फायदा नहीं दिया जा सकता। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा है, ट्रायल कोर्ट ने अपीलार्थी को किए गए अपराध के लिए जो सजा दी है, उसमें कोई गैर-कानूनी या गलत काम नहीं है। अपीलार्थी के खिलाफ उस अपराध में उसे दोषी ठहराने के लिए काफी और भारी सबूत हैं। इसलिए, अपील खारिज की जाती है। आरोपी को ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई उम्र कैद की पूरी सजा काटनी होगी।




# गुस्से में हुए विवाद और अचानक हमले को हत्या का इरादा नहीं माना जा सकता

हाईकोर्ट ने पिता को पिकअप से कुचलकर मारने वाले बेटे की सजा घटा दी है। उम्रकैद की सजा को बदलकर 10 साल कठोर कैद कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने यह फैसला सुनाया है। डिवीजन बेंच ने केस में टिप्पणी करते हुए कहा कि, गुस्से में हुए विवाद और अचानक हमले को हत्या का इरादा नहीं माना जा सकता है। वहीं, ट्रॉयल कोर्ट ने आरोपी बेटे को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी।



- पिकअप से पिता को कुचलकर मार-डाला था
- उम्रकैद की सजा घटाकर 10 साल की गई

मामला साल 2020 का है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में लकड़ी रखने को लेकर बेटे और पिता के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान बेटे महात्मा यादव ने गुस्से में आकर अपने पिता जंगली यादव को पिकअप से कुचल दिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां करीब 9 दिन तक इलाज के बाद उनकी मौत हो गई थी। आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। निचली अदालत ने ट्रॉयल के बाद उसे हत्या का दोषी मानते हुए उम्रकैद और जुर्माने की सजा सुनाई थी।

### हत्या का इरादा साबित नहीं हुआ

आरोपी बेटे ने इसे चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने माना कि घटना प्री-प्लान नहीं थी, बल्कि अचानक हुए विवाद और आवेश में हुई। कोर्ट ने कहा कि घटना अचानक झगड़े और गुस्से में हुई। हत्या का इरादा पहले से था, यह साफ तौर पर साबित नहीं हुआ। हालांकि, आरोपी को पता था कि उसका यह काम जानलेवा हो सकता है। लिहाजा, हाईकोर्ट ने हत्या (302 आईपीसी) को बदलकर गैर इरादतन हत्या (304 पार्ट-1) के तहत सजा सुनाई। आरोपी के उम्रकैद की सजा को घटाकर 10 साल कर दिया है। साथ ही अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए सजा में संशोधन किया है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार आरोपी बाकी सजा जेल में ही पूरी करेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com